दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 172
कोटद्वार गुरूवार
19 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## पीएम मोदी ने गाजा अस्पताल में बमबारी से लोगों की मौत पर दुख जताया

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाजा में एक अस्पताल पर बमबारी के कारण लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है।

पीएम मोदी ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गाजा के अल अहली अस्पताल में जानमाल की दुखद हानि से गहरा सदमा पहुंचा। पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना। चल रहे संघर्ष में नागरिकों की हताहत होना गंभीर और निरंतर चिंता का विषय है। इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मंगलवार को गाजा के अस्पताल में विस्फोट में कम से कम 500 लोग मारे गए हैं। रिपोर्टों में कहा गया है कि स्थानीय अधिकारियों ने इजरायली हवाई हमलों को जिम्मेदार ठहराया है, जबकि इजरायल ने आरोप लगाया कि यह हमास के रॉकेट से हुआ जो मिसफायर कर गया।

## मिजोरम विधान सभा चुनाव : बीजेपी ने 12 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की


**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भाजपा ने मिजोरम में होने वाले विधान सभा चुनाव के लिए 12 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की मंजूरी के बाद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने बुधवार को मिजोरम विधान सभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की इस पहली लिस्ट को जारी कर दिया।

भाजपा ने हच्छेक विधान सभा सीट से माल्सावमत्लुआंगा, डम्पा से वनलालहमुअका, ममित से लालरिनलियाना सेलो, सेरलुई से रॉबिन्सन, चम्फाई उत्तर से पी.एस. ज़ट्लुआंगा, ह्लांगतुजी से लालमलसावमा, लुंगलेई पश्चिम से आर. लालबियाक्त्लुआंगी और थोरांग से शांति बिकास चकमा सहित 12 उम्मीदवारों को मैदान में उतार दिया है।

मिजोरम में 7 नवंबर को विधान सभा चुनाव होगा और मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

## राजस्थान के कोटा और अजमेर संभाग के दौरे पर जेपी नड्डा

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** राजस्थान में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को एकजुट कर चुनाव की तैयारियों में लगाने के मिशन पर जुटे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बुधवार को एक बार फिर राजस्थान के दौरे पर जा रहे हैं।नड्डा आज राजस्थान के कोटा और अजमेर संभाग का दौरा कर इसके अंतर्गत पडने् वाले सभी जिलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। बताया जा रहा है कि बैठक से इतर नड्डा कई नेताओं के साथ व्यक्तिगत तौर पर भी विचार-विमर्श करेंगे।उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले नड्डा सोमवार को ही राजस्थान के उदयपुर और जोधपुर संभाग के दौरे पर गए थे। उन्होंने 500 से अधिक नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत बातचीत भी की थी। इसके बाद मंगलवार को उन्होंने राजस्थान भाजपा के नेताओं को दिल्ली बुला लिया जहां नड्डा के दिल्ली आवास पर अमित शाह के साथ उन्होंने राजस्थान भाजपा के नेताओं के साथ मैराथन बैठक की और आज भाजपा अध्यक्ष फिर से राजस्थान जा रहे हैं।




## चतुर्थ केदार रुद्रनाथ के कपाट हुए शीतकाल के लिए बंद

**चमोली।** समुद्रतल से 11000 फीट उंचाई पर स्थित चतुर्थ केदार रुद्रनाथ के कपाट बुधवार को प्रातः पूर्ण विधि विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। मुख्य पुजारी द्वारा पूजा अर्चना, वैदिक मंत्रोचार और भोलेनाथ के जयकारों के साथ मन्दिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस पल के साक्षी रहे। इसके साथ ही बाबा की चल विग्रह उत्सह डोली अपने शीतकाल प्रवास गोपीनाथ मंदिर के लिए रवाना हुई। आज शाम डोली मोली खर्क और कल गंगोल गांव होते हुए 20 अक्टूबर को शीतकालीन गददी स्थल गोपीनाथ मंदिर पहुंचेगी। इस बार 10 हजार 6सौ लोगों ने रूद्रनाथ के दर्शन किए।

### दिवाली से पहले केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ी सौगात

# सरकार ने महंगाई भत्ते में की 4% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कर्मचारियों को दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने बड़ी सौगात दी है। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। अब केंद्रीय कर्मचारियों को 46 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2023 से लागू होगा। इसका फायदा 48




लाख से ज्यादा केंद्रीय कर्मचारी और करीब 65 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। कर्मचारी और पेंशनर्स को अब महंगाई भत्ते की नई दरों का भुगतान होगा। अक्तूबर के वेतन के साथ ही नई दरें जोड़कर दी जाएंगी। इसमें जुलाई, अगस्त, सितंबर का पैसा भी शामिल होगा।

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कीमतों में वृद्धि से निपटने के लिए केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते तथा पेंशनभोगियों की पेंशन राहत में चार प्रतिशत की बढोतरी की गई है। इससे अब केन्द्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 42 प्रतिशत से बढकर 46 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि यह बढ़ोतरी 7 वें वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित स्वीकृत फार्मूले के अनुरूप की गई है। अनुराग ठाकुर ने बताया कि इस बढोतरी से सरकारी खजाने पर प्रति वर्ष 12857 करोड़ रुपए का बोझ बढ़ेगा। इससे 48.67 लाख केन्द्रीय कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशभोगियों को फायदा मिलेगा।

## रेलवे कर्मचारियों को सरकार ने दिया दिवाली गिफ्ट, मिलेगा 78 दिन के वेतन के बराबर बोनस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने रेलवे के 11 लाख से अधिक कर्मचारियों को 78 दिन के वेतन के बराबर उत्पादकता आधारित बोनस देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को यहां यह फैसला किया। सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सभी पात्र अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों अर्थात् ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड) को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता से जुड़े बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी है। स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन सहायक, पॉइंट्समैन, मंत्रालयीन कर्मचारी और अन्य समूह 'सी' कर्मचारी (आरपीएफ/आरपीएसएफ कर्मियों को छोड़कर) मिला कर 11 लाख सात हजार 346 रेलवे कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। रेलवे कर्मचारियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए केंद्र सरकार ने 1968.87 करोड़ रुपए के बोनस भुगतान को मंजूरी दे दी है।

# गाजा के अस्पताल पर इजरायल की एयर स्ट्राइक, 500 लोगों की मौत का दावा

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल-हमास युद्ध में पिछले 11 दिनों से अब तक 4000 लोग जान गंवा चुके हैं। हमास पर लगातार इजरायल हमला कर रहा है। हमास के आतंवादी बंकरों में छिपे हुए है। पूरी दुनिया के लोग इस युद्ध को लेकर चिंता में है। इसी बीच इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने चरमपंथी संगठन हमास को चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि हमास के सदस्यों के पास दो विकल्प हैं, बिना शर्त आत्मसमर्पण करें या मर जाएं। इजरायली सेना के प्रवक्ता रिचर्ड हेचट ने मंगलवार को बताया कि सैनिक युद्ध के अगले चरण की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन यह गाजा पर अपेक्षित जमीनी आक्रमण से अलग होगा। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी स्वतंत्रता का युद्ध अभी तक खत्म नहीं हुआ है। हमास के साथ जारी युद्ध में हमारा एकमात्र उद्देश्य है। नेतन्याहू ने इस युद्ध को अंधेरे की ताकतों के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई के रूप में संदर्भित किया। नेतन्याहू



ने इजराइली सुरक्षाबलों को प्रकाश का रूप और हमास आतंकियों को अंधेरे का रूप बताया है।

उधर, युद्ध के 11वें दिन इजरायली चीफ ऑफ कमांडर ने अपने सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए सैनिकों को पत्र लिखा है। कमांडर ने सैनिकों में जोश भरते हुए लिखा कि हम अपने घर की सुरक्षा के लिए अपने मिशन में दृढ़ और एकजुट हैं और हर मोर्चे पर किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं। हमारी जिम्मेदारी दुश्मन पर काबू पाना और हर जगह सुरक्षा बहाल करना है। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ विदेशी पासपोर्ट वाले शरणार्थियों को सहायता देने की अनुमति के लिए एक समझौते पर जोर दे रहे हैं। ऐसे में गाजा से पलायन करने की कोशिश कर रहे हजारों की संख्या में लोग रफाह में एकत्र हैं, जो इस क्षेत्र से मिस्त्र तक जाने वाली एकमात्र सीमा है। लेबनान के विदेश मंत्री ने तनाव के बीच मंगलवार को कहा कि इजरायल को लेबनान-इजरायल सीमा पर अपनी उकसावे की कार्रवाई बंद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इजरायल आग में तेल डाल रहा है। हम युद्ध समर्थक नहीं हैं। हम वास्तव में इस क्षेत्र में शांति चाहते हैं।हमास और हिजबुल्लाह से जंग में इजरायल को बड़ी कामयाबी मिली है। इजरायली सेना की एयर स्ट्राइक में अयमान नोफल मारा गया है। वह हमास का सीनियर कमांडर बताया जाता है। इजरायली सेना के मुताबिक, अयमान हमास की जनरल मिलिट्री काउंसल का सदस्य था। इसके अलावा इजरायल की सेना ने आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के दो आतंकियों को भी ढेर किया है। अब हमास के कमांडर के मारे जाने की बात इजरायली सेना ने कही है। वहीं एयर स्ट्राइक में अपने सदस्यों के मारे जाने की बात हिजबुल्लाह ने खुद कबूली है। हिजबुल्लाह ने इनके नाम अब्बास फैसी और मोहम्मद अहमद काजिम बताएहैं।गाजा के एक डाक्टर अहमद शाहीन ने इजरायल की लगातार बमबारी के बीच गाजा की भयावह स्थिति के बारे में बताया है। शाहीन ने बताया है कि स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। बमबारी अब भी जारी है। वे हर तरफ से बमबारी कर रहे हैं। ढह गई इमारतों के नीचे फंसे लोगों को बचाया नहीं जा सकता। हम उन्हें चिल्लाते हुए सुनते हैं, लेकिन हम कुछ नहीं कर सकते। अस्पताल घायलों, मृतकों से भरे हुए हैं। रेफ्रिजरेटर में लाशें रखने की जगह नहीं है। डर का वर्णन नहीं किया जा सकता।

वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) ने चेतावनी दी है कि पानी की भीषण कमी के अलावा, गाजा में खाद्य भंडार भी खत्म हो रहा है और दुकानों में केवल कुछ ही दिनों की आपूर्ति बची है। रिपोर्ट के अनुसार, डब्ल्यूएफपी के प्रवक्ता अबीर एतेफा ने कहा है कि दुकानों में केवल चार या पांच दिनों का आवश्यक खाद्य भंडार उपलब्ध है। गोदामों में लगभग दो सप्ताह तक चलने के लिए पर्याप्त भोजन है, लेकिन उन तक पहुंचना मुश्किल है, क्योंकि वे गाजा शहर में स्थित हैं, जहां इजरायल ने निवासियों को खाली करने का आदेश दिया है। जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला का कहना है कि उनका देश फिलिस्तीनी शरणार्थियों को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। बर्लिन में जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान उन्होंने कहा कि जॉर्डन में कोई शरणार्थी नहीं होगा और मिस्त्र में कोई शरणार्थी नहीं होगा। गाजा में मानवीय स्थिति से गाजा के अंदर ही निपटा जाना चाहिए।

## किसानों को राहत; केंद्र सरकार ने गेहूं-सरसों सहित इन फसलों के समर्थन मूल्य में की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपए प्रति क्विंटल और सरसों की कीमत में 200 रुपए प्रति क्विंटल वृद्धि करने का निर्णय लिया है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में मसूर के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 425 रुपए, बाजरा की कीमत में 115 रुपए तथा चना की कीमत में 105 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि करने का निर्णय किया गया।


सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में बैठक की जानकारी देते हुए गेहूं का मूल्य अब किसानों को 2275 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा। इसी तरह सरसों का 5650 रुपए, मसूर का 6425 रुपए तथा चना का 5440 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा। उन्होंने बताया कि जौ का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल बढा कर 1850 रुपए तथा सूरजमुखी का मूल्य 150 रुपए प्रति क्विंटल बढा कर 5800 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है ।

### छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री धामी का तोहफा

# भोजन भत्ते में की गई दोगुनी बढ़ोत्तरी

**देहरादून(सं)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के आवासीय छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री धामी के निर्देशों पर इन आवासीय छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं के भोजन भत्ते में दोगुनी बढ़ोत्तरी की गई है।

भोजन भत्ते में हुई यह अब तक की सर्वाधिक बढ़ोत्तरी भी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बच्चों से विशेष लगाव है। अक्सर वे जब भी किसी विद्यालय या आवासीय विद्यालय परिसर में जाते हैं तो बच्चों के साथ हल्के फुल्के पल बिताते हुए नजर आ जाते हैं। अभी हाल ही में मुख्यमंत्री धामी ने अपना जन्मदिन भी विशेष तौर से बनियावाला में स्थित आवासीय छात्रावास में बच्चों के बीच जाकर मनाया था। मुख्यमंत्री




ने राज्य के शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हुए हैं कि इन आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का विशेष ख्याल रखा जाए।

अब मुख्यमंत्री ने राज्य के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास, नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास एवं राजीव गांधी नवोदय विधायक में अध्ययनरत तमाम छात्र-छात्राओं को तोहफा देने का काम किया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर इन आवासीय विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के दैनिक भोजन भत्तों में ऐतिहासिक दोगुना दर से वृद्धि की गई है। दैनिक भोजन के लिए छात्रों हेतु 150 रुपये प्रतिदिन की धनराशि को मंजूरी प्रदान की गई है।

शिक्षा सचिव रविनाथ रमन की ओर से आज इस बाबत आदेश जारी कर दिए गए हैं। महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी ने अवगत कराया है कि यह वृद्धि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास एवं राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के छात्रावासों में पंजीकृत विद्यार्थियों हेतु भोजन भत्ता मद में की गई है। इस संबंध में समस्त जनपदों के अधिकारियों को पत्र जारी कर दिए गए हैं।

# पीएम के प्रधान सचिव ने जी 20 वर्चुअल समिट की तैयारियों की समीक्षा की

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने नई दिल्ली में हुई जी-20 की बैठक के दौरान जारी घोषणापत्र के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा के लिए बुधवार को एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष, जी-20 शेरपा, जी-20 के मुख्य समन्वयक और विदेश मंत्रालय, आर्थिक मामलों के विभाग और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में, संबंधित मंत्रालयों के नेतृत्व में सात वेबिनार की एक श्रृंखला आयोजित करने का प्रस्ताव दिया



गया है और सभी संबंधित विभागों को इसमें शामिल किया जाएगा। ये वेबिनार मजबूत, सतत, संतुलित और समावेशी विकास, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर प्रगति में तेजी लाना, सतत भविष्य के लिए हरित विकास संधि, 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थान, तकनीकी परिवर्तन और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास, और आतंकवाद और मनी लॉन्ड्रिंग का मुकाबला करने के विषयों पर प्रस्तावित हैं।

पीएम के प्रधान सचिव ने बैठक के दौरान आगामी जी 20 वर्चुअल शिखर सम्मेलन पर भी चर्चा की, जो नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा अपनी टिप्पणी में प्रस्तावित एक पहल है। यह पहली बार है कि कोई देश मुख्य शिखर सम्मेलन के बाद इस तरह के आभासी शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, प्रधान सचिव ने सभी सदस्य-राज्यों और अतिथि देशों को सूचना के त्वरित प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया।

### राज ठाकरे ने एनसीपी और शिवसेना पर ली चुटकी, बोले

# महाराष्ट्र में राजनीति की स्थिति सबसे बदतर


**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने शिवसेना और एनसीपी पर जमकर हमला बोला है। बुधवार को बयान में उन्होंने महाराष्ट्र की बदसूरत राजनीति की निंदा की। उन्होंने कहा, शिवसेना और एनसीपी दोनों सत्ता में भी और विपक्ष में भी है। ऐसा सिर्फ हमारे राज्य में ही है, दुनिया में कही ओर नहीं है। मैंने ऐसी बेतुकी और बदसूरत राजनीतिक स्थिति कभी नहीं देखी। स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के लिए मतदाताओं के पंजीकरण से पहले एक बैठक को संबोधिक करते हुए राज ठाकरे ने यह बात कही।

बैठक के दौरान राज ठाकरे ने चिपलुन शहर में मुंबई-गोवा राजमार्ग के एक हिस्से पर बन रहे एक ओवरब्रिज के गर्डर के गिरने की भी निंदा की।

# दिल्ली बम धमाके के दोषी भुल्लर की समय पूर्व रिहाई की मांग

**चंडीगढ़, एजेंसी।** 1993 दिल्ली बम धमाके के दोषी दविंदर पाल सिंह भुल्लर द्वारा समय पूर्व रिहाई की मांग वाली याचिका का दिल्ली सरकार ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में विरोध किया। सरकार ने कहा कि भुल्लर को दिल्ली की अदालत ने सजा सुनाई थी और ऐसे में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में यह याचिका वैध नहीं है। हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार का पक्ष सुनने के बाद सुनवाई स्थगित कर दी।

दविंदर पाल सिंह ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए बताया कि उसे 1993 में दिल्ली में हुए बम धमाके के लिए वर्ष 2011 में दिल्ली की अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी।



इसके बाद 2014 में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई में देरी, स्वास्थ्य कारणों के चलते, सिख संगठनों व एसजीपीसी के प्रयासों के बाद याची की फांसी को उम्रकैद में बदल दिया था। भुल्लर पहले तिहाड़ जेल में बंद था लेकिन स्वास्थ्य कारणों से एक विशेष व्यवस्था के तहत उसे 2015 में ही पंजाब की अमृतसर जेल में भेज दिया गया था।

इसके बाद याची ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी लेकिन वहां से भी उसे कोई राहत नहीं मिली। याची ने बताया कि वह पिछले 27 साल से जेल में है और दिल्ली जेल मैनुअल के अनुसार प्री-मैच्योर रिलीज के लिए बिना किसी छूट के 14 वर्ष जेल में रहना अनिवार्य है और छूट के साथ 20 वर्ष जेल में रहना जरूरी है। वह इस तय अवधि से कहीं अधिक समय से जेल में मौजूद है लेकिन उसे रिहा नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही उसने दया याचिका दाखिल की थी लेकिन इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। याची ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से अपील की है कि उसे हिरासत से छुड़ाने के लिए उचित आदेश जारी करें क्योंकि वह नियमों के तहत प्री-मैच्योर रिलीज का हकदार है।याची ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 29 सितंबर, 2019 को दिल्ली के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में भुल्लर सहित आजीवन कारावास का सामना कर रहे आठ सिख कैदियों को गुरु नानक देव की 550वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष छूट देने के अपने फैसले की जानकारी दी थी। केंद्र ने दिल्ली के मुख्य सचिव को भुल्लर की रिहाई के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था ।

## एक नजर

### देहरादून लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन 27 से

देहरादून। दून शहर में 27 से 29 अक्टूबर तक देहरादून लिटरेचर फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। मॉडर्न दून लाइब्रेरी भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में संस्थापक और निर्माता समरांत विरमानी ने कार्यक्रम को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दून इंटरनेशनल स्कूल, रिवरसाइड कैंपस में कार्यक्रम के उद्घाटन के दिन नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी, रस्किन बॉन्ड, अशोक चक्रधर, डॉ बिबेक देबरॉय, गुरुचरण दास, हिंडोल सेनगुप्ता सहित कई लोग शामिल होंगे। प्रसिद्ध अगाथा क्रिस्टी फेस्टिवल जो हाल ही में यूनाइटेड किंगडम में संपन्न हुआ है, उसका डीडीएलएफ से मिलाप, इस वर्ष के संस्करण का मुख्य आकर्षण होगा। इसके अलावा उत्तराखंड के साहित्यिक क्षेत्र में विख्यात गौरा पंत, जिनको शिवानी के नाम से भी जाना जाता है, उनके जन्मशती वर्ष में उनकी स्मृति में शिवानी, आयरन लेडी ऑफ द हिल्स नाम से पुरस्कार दिया जाएगा। जो उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर चुकी उन प्रमुख महिला हिंदी लेखकों को दिया जाएगा। एक लेखन प्रतियोगिता आयोजित होगी। जाने माने लेखक रस्किन बॉन्ड विजेता को रस्किन बॉन्ड साहित्य पुरस्कार प्रदान करेंगे। अगाथा क्रिस्टी महोत्सव की चेयर पर्सन हीथर नॉर्मन-सोडरलिंड ने आयोजन को लेकर जानकारी दी। दून इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक एचएस मान ने डीआईएस में डीडीएलएफ की मेजबानी को लेकर खुशी जताई। इस दौरान अन्य लोग मौजूद रहे।

### आरटीओ दफ्तर में भ्रष्टाचार की जांच हो

देहरादून। सिटी बस स्वामी एवं आरटीआई कार्यकर्ता विजय वर्धन डंडरियाल ने आरटीओ दफ्तर में फैले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इसमें संलिप्त अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। सीएम को भेजे पत्र में सिटी बस स्वामी विजय वर्धन डंडरियाल ने कहा कि आरटीओ दफ्तर में फर्जी तरीके से एक व्यक्ति का वाहन दूसरे व्यक्ति के नाम ट्रांसफर किया गया। इस मामले में पुलिस फर्जी तरीके से वाहन को दूसरे के नाम पर ट्रांसफर करने वाले दलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, लेकिन दलाल के साथ मिलीभीगत करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह आरोप लगाया कि आरटीओ में फर्जीवाड़े के कई मामले हैं। कुछ वाहन ऐसे हैं, जिनके रजिस्ट्रेशन रद हो चुका था, लेकिन अब फिर से रजिस्ट्रेशन सक्रिय कर टैक्स अपडेट किया गया है। वाहन स्वामियों पर टैक्स जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि जब टैक्स जमा नहीं था तो वाहन रजिस्ट्रेशन रद क्यों किया गया। उन्होंने सीएम से आरटीओ में फैले भ्रष्टाचार की जांच करने की मांग की है।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

ऋषिकेश। हरिद्वार-देहरादून नेशनल हाईवे पर छिद्दरवाला में सड़क पार कर रही महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में जख्मी महिला को स्थानीय लोगों ने एम्स पहुंचाया। इसी बीच बाइक सवार को भी पकड़ लिया गया। गंभीर चोटें लगने की वजह से उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रायवाला पुलिस के मुताबिक छिद्दरवाला निवासी पुलमा देवी किसी काम से घर से निकली थी। इसी बीच हाईवे को पार करते हुए तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। लहूलुहान हालत में पुलमा को एम्स में लाया गया। थानाध्यक्ष होशियार सिंह पंखोली ने बताया कि बाइक को कब्जे में लिया गया है।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया टी.बी के प्रति जनजागरुस्कता अभियान टी0बी0 सील का अनावरण



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में टीबी एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के टी.बी के प्रति जनजागरूकता अभियान टी0बी0 सील का अनावरण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने टी0बी0 एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड को टी0बी0 सील अभियान के लिए रु. 1.25 लाख देने की घोषणा की। टी0बी0 रोग के प्रति जनजागरूकता अभियान के तहत ह्यह्यटी0बी0 सील का अनावरण किया जाता है, जिसका मूल्य 05 रु. है। इससे संचित धनराशि का उपयोग टी0बी0 रोग के प्रति जनजागरूकता अभियान में संस्था द्वारा खर्च किया जाता है। एसोसिएशन 2008 से राज्य में क्षय रोग के प्रति दूरस्थ क्षेत्रों में जनजागरूकता एवं चिकित्सा शिविर आयोजित कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड ने 2024 तक प्रदेश को टी0बी0 मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पूरा करने में जनजागरूकता के साथ-साथ लोगों के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोगों को टी0बी0 के शुरूआती लक्षणों की पहचान हेतु जागरूक करना चाहिए, प्रारंभिक अवस्था में टी0बी0 का इलाज किया जाए तो रोगी पूरी तरह से ठीक हो जाता है। राज्यपाल ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय इस जनजागरूकता अभियान में अपना पूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने एसोसिएशन द्वारा संचालित विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी ली और उनकी सराहना की। इस अवसर पर महासचिव श्रीमती पूनम किमोठी, अध्यक्ष देव सिंह जंगपांगी, कोषाध्यक्ष जी.डी. चौकियाल, वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. महावीर सिंह, डॉ. ए.के. सिंह उपस्थित रहे।



## महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखण्ड के पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## एसीएस रतूड़ी ने ली (एसआईएसएफ) के गठन के सम्बन्ध में बैठक

देहरादून। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के तर्ज पर उत्तराखण्ड में राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ) के गठन हेतु कार्ययोजना बनाने के सम्बन्ध में सचिवालय में होमगार्ड्स, विभिन्न औद्योगिक संस्थानों, बैंक अधिकारियों, सिडकुल, नागरिक उड्डयन विभाग तथा गृह विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने प्रदेश में स्थित सभी बैंकों, एयरपोर्ट्स, हैलीपेड, औद्योगिक संस्थानों, सिडकुल, राज्य एवं केन्द्र सरकार के उपक्रमों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा बलों की आपूर्ति से सम्बन्धित जानकारी गृह विभाग को जल्द प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री ने राज्य में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के तर्ज पर राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ) गठन के निर्देश दिए हैं। इसके लिए राज्य में बैंकों को करेंसी चेस्ट की सुरक्षा एवं एयरपोर्ट्स, हैलीपेड, औद्योगिक संस्थानों, सिडकुल, राज्य एवं केन्द्र सरकार के उपक्रमों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए कितनी संख्या में सुरक्षा बलों की आवश्यकता होगी इसके सटीक आंकड़े जुटाना आवश्यक है।

### भालू के हमले में महिला गंभीर

नई टिहरी : देवप्रयाग ब्लॉक के विटुला गांव में भालू ने महिला पर अचानक हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। महिला को श्रीनगर बेस अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। प्रशासन की ओर से महिला को एयर लिफ्ट कर देहरादून भेजने का प्रयास किया जा रहा है। ब्लॉक मुख्यालय हिंडोलाखाल के समीप स्थित पौसाड़ा ग्राम पंचायत के विटुला गांव में बुधवार करीब 11 बजे घर के निकट बकरी चराने गयी महिला पर झाड़ी में छिपे भालू ने अचानक हमला बोल दिया। हमले में 57 वर्षीय सुधा रतूड़ी पत्नी सोहन लाल बुरी तरह घायल हो गयी। भालू ने महिला के सिर व पीठ को नाखूनों से बुरी तरह नोच डाला। महिला के शोर मचाने पर उसका बेटा राजेश रतूड़ी व अन्य लोग वहां पहुंचे व भालू को किसी तरह भगाया।

## ब्लॉक मुख्यालय को मिला नया हाईटेक भवन, पुस्तकालय की भी सुविधा

विकासनगरं। विकासनगर प्रखंड क्षेत्र के बाशिंदों को शारदीय नवरात्र में ब्लॉक मुख्यालय के नए भवन का तोहफा मिला। नवनिर्मित भवन में मीटिंग हॉल के साथ ही पुस्तकालय की सुविधा भी मुहैया कराई गई है। बुधवार को विधायक मुन्ना चौहान नए भवन का लोकापर्ण कर जनता को समर्पित किया। इसके साथ ही उन्हों ने हरबर्टपुर में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 12 अक्तूबर को ब्लॉक मुख्यालय के नए भवन का वर्चुअल लोकापर्ण किया था, जिसके बाद बुधवार को विधायक ने मीटिंग हॉल और पुस्तकालय कक्ष का विधिवत उद्घाटन किया। करोड़ों की



लागत से बने इस नए भवन को अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है, जिनका उपयोग भविष्य में ब्लॉक मुख्यालय को पूरी तरह से डिजिटल करने में किया जाएगा। विधायक चौहान ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सिर्फ विकास कार्यों पर ही ध्यान दे रही है। ब्लॉक मुख्यालय का पुराना भवन जर्जर हो चुका था, नए भवन की जरूरत एक दशक पहले ही हो चुकी थी,

## पुण्यतिथि पर किया पूर्व सीएम एन डी तिवारी को याद



ऋषिकेश। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। वक्ताओं ने लोगों को तिवारी द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में बताया। बुधवार को तहसील परिसर के समीप एक कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह और ऋषिकेश विस क्षेत्र के प्रत्याशी रहे जयेंद्र रमोला ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता एनडी तिवारी ने देश और प्रदेश के विकास में अहम योगदान दिया है। उनके द्वारा उत्तराखंड में विकास की नींव रखी गई थी। आज भी उन योजनाओं पर कार्य हो रहे हैं। एनडी तिवारी जैसे विकास पुरुष को उत्तराखंड और देश कभी नहीं भूलेगा। मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य शेर सिंह रावत, समाज सेवी राजेंद्र पंत, एडवोकेट पंचम सिंह मियां, नरेंद्र रांगड़, कपिल शर्मा, धीरज डोभाल, संजय नेगी, जगदीश थपलियाल, मनीष मिश्रा, आनंद केंतुरा, विक्रम, दिग्विजय सिंह, अभिनव मलिक, ऋषभ राणा, सुनील आदि उपस्थित रहे। उधर, डोईवाला में कांग्रेसियों ने पूर्व मुख्यमंत्री नारायणदत्त तिवारी की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। इसमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि नारायण दत्त तिवारी को विकास पुरुष कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश का चहुमुखी विकास किया है। मौके पर नगर अध्यक्ष करतार नेगी, एससी विभाग के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंशुल त्यागी, विमल गोला, उस्मान, संजू ठाकुर, सावन राठौर, योगिता कोहली आदि उपस्थित रहे।

### गंगा तटों के आसपास की जाएगी प्राकृतिक खेती

देहरादून। प्रदेश में पांच करोड़ रुपए से प्राकृतिक कृषि नमामि गंगा कॉरिडोर शुरू किया जा रही है। इस योजना से गंगा तट पर 5 किमी की परिधि में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन दिया जायेगा। ये बात कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को दून विवि में आयोजित उद्यामिता किसान सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के दौरान कही। मंत्री ने इस दौरान अधिक प्रेस्टिसाइज के उपयोग पर चिंता भी जताई। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की कुल कृषि योग्य भूमि में से 2.17 लाख हैक्टेयर क्षेत्रफल को जैविक कृषि के अंतर्गत आच्छादित किया गया है और यह क्षेत्रफल कुल कृषि भूमि का 34 प्रतिशत है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा राज्य में प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक कृषि विकास बोर्ड का गठन किया जा रहा है।

## अटल उत्कृष्ट राइंका साहिया को सीबीएससी बोर्ड के अंतर्गत ही संचालित किया जाए

विकासनगर। जौनसार बावर के अटल उत्कृष्ट विद्यालय राइंका साहिया को सीबीएससी के अंतर्गत ही रखने की अधिकांश अभिभावकों ने सहमति व्यक्त की। अभिभावकों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि विद्यालय का सीबीएससी बोर्ड बदला गया तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जौनसार बावर अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज सहिया में शिक्षा बोर्ड को लेकर अभिभावक संघ की बैठक विद्यालय भवन में सम्पन्न हुई। शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल तोमर ने बताया कि मंगलवार सभी अभिभावकों को पत्र भेज कर सूचित किया गया था कि सभी अभिभावक बैठक में उपस्थित हों। पीटीए अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में कुल 138 अभिभावक उपस्थित रहे, जिनमें से 117 अभिभावकों ने सीबीएसई के पक्ष में अपना मत दिया। वहीं 21 अभिभावकों ने उत्तराखंड बोर्ड के पक्ष में अपना मत दिया, जबकि 196 ऐसे अभिभावक थे जो बैठक में सम्मिलित नहीं हुए। उन्होंने बताया कि विद्यालय को सीबीएससी में शामिल किये जाने को लेकर शुरू से अभिभावकों और छात्र-छात्राओं में उत्साह रहा है, लेकिन सीबीएससी अभी तक भी राजकीय इंटर कॉलेज में अपने बोर्ड के शिक्षक उपलब्ध नहीं करा पाया है। राजकीय इंटर कॉलेज में सीबीएसई के मात्र दो ही शिक्षक तैनात हैं,

## प्रभारी मंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं, निराकरण का दिया आश्वासन



नई टिहरी : टिहरी के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने देवप्रयाग नगर के साथ क्षेत्र की समस्या को तत्काल प्रभाव से निस्तारित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। मंत्री ने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

शहरी विकास एवं टिहरी के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के देवप्रयाग पहुंचाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। लोनिवि विश्राम गृह देवप्रयाग में प्रभारी मंत्री ने लोगों की समस्याओं को सुना। मंत्री ने बदरी केदार यात्रा पथ के करीब सौ किलोमीटर क्षेत्र के अंतर्गत सीएचसी बागी में समुचित चिकित्सा व्यवस्था को दुरस्त करने के डीएम मयूर दीक्षित को निर्देश दिये। राइंका महड़ में अतिरिक्त कक्ष बनाने, एकल शिक्षक के भरोसे चल रहे स्कूलों मे दो शिक्षकों की तैनाती करने, भूमिहीन नगर वासियों को भूमि उपलब्ध कराने का मामले लोगों ने प्रभारी मंत्री के समक्ष रखा।

## कुंजापुरी के मेले में सूफी गायक को बुलाए जाने पर प्रदर्शन

ऋषिकेश। बजरंग दल ने कुंजापुरी में पर्यटन विकास मेले के आयोजकों के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने मां कुंजापुरी के नाम से हो रहे मेले में सूफी गायक को बुलाए जाने पर आपत्ति जताई। बुधवार को इंद्रमणि बडोनी चौक पर बजरंग दल के सदस्य एकत्रित हुए। उन्होंने कुंजापुरी में पर्यटन विकास मेले के आयोजकों के खिलाफ प्रदर्शन किया। बजरंग दल के विभाग संयोजक हरिद्वार नरेश उनियाल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष शारदीय नवरात्र में नरेंद्रनगर में सिद्ध पीठ मां कुंजापुरी के नाम से पर्यटन विकास मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष हो रहे मेले में 21 अक्तूबर को सूफी गायक उस्ताद चांद कादरी को बुलाया गया है। कहा कि देवभूमि में माता के




नाम पर हो रहे मेले में अन्य समुदाय के गायक को बुलाना स्थानीय लोक गायकों का अपमान है। इस तरह का आयोजन लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाएगा। इससे पूर्व बजरंग दल के सदस्यों ने नरेंद्रनगर एसडीएम देवेंद्र सिंह नेगी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन करने वालों में बजरंग दल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पांडे, चंद्रभान, विक्रम चंद, राकेश कुकरेती, शैलू गुसाईं, भगत सिंह, नरेंद्र, प्रदीप सजवाण, कमल रावत, विनय, प्रवीण गैरोला, सुमित रावत, संदीप तिवारी, प्रिंस, अंकित रावत, संदीप कंडारी आदि शामिल रहे।

## सूचना का अधिकार अधिनियम की 18वीं वर्षगांठ पर हुई राजभवन में कार्यशाला आयोजित

देहरादून। उत्तराखंड सूचना आयोग द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम की 18वीं वर्षगांठ पर राजभवन में कार्यशाला आयोजित की गई। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इस कार्यशाला का शुभारंभ किया। जिसमें मुख्य सूचना आयुक्त अनिल चंद्र पुनेठा सहित सूचना आयुक्तों और प्रदेश के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों व अपीलीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में पूर्व समन्वयक, उत्तराखंड प्रशासन अकादमी, नैनीताल डा. मंजू ढौंडियाल ने सूचना का अधिकार अधिनियम की पृष्ठभूमि तथा भविष्य की चुनौतियों पर अपना व्याख्यान दिया। मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तगणों द्वारा अधिनियम की धारा-4 के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशों तथा प्रथम अपील एवं द्वितीय अपील के संबंध में परिचर्चा की। कार्यशाला के प्रथम सत्र का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस अधिनियम के अंतर्गत जहां लोक प्राधिकारियों की कार्य प्रणाली को जवाबदेह और पारदर्शिता बनाने में सहायता मिलती है, वहीं यह भ्रष्टाचार जैसी बुरी आदतों को रोकने में भी कारगर है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की शासन में भागीदारी किसी भी लोकतंत्र का मूलमंत्र है। जन सहभागिता न केवल शासन की गुणवत्ता में वृद्धि करती है बल्कि सरकार के काम काज में पारदर्शिता और जवाबदेही को भी बढ़ावा देती है। राज्यपाल ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम हेतु प्रदेश




के दूरस्थ जनपदों में जागरूकता बढ़ाये जाने के विशेष प्रयास किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केवल मैदानी जनपदों में 90 प्रतिशत तक सूचना का अधिकार के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सूचना प्राप्त करने में महिलाओं की भागीदारी बेहद कम है इसके लिए महिलाओं को भी जागरूक किए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सूचना की शक्ति और इसके महत्व के बारे में बताया जाना बेहद जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति तक इस अधिनियम की पहुंच हो आयोग इस ओर ठोस प्रयास करें।राज्यपाल ने कहा कि लोक प्राधिकारियों को प्रत्येक स्तर पर गंभीरता से नियमानुसार कार्य करने की आवश्यकता है जिससे जनसामान्य को समय से सूचनाएं उपलब्ध हो। सूचना प्राप्त करने वाले आवेदक को सही एवं निश्चित समय में सूचनाएं उपलब्ध हो, इस बात का भी ध्यान रखा जाना जरूरी है। राज्यपाल ने आयोग में नई तकनीकों के उपयोग पर भी जोर देने को कहा। मुख्य सूचना आयुक्त अनिल चंद पुनेठा ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए आयोग के क्रियाकलापों का संक्षिप्त विवरण दिया। उन्होंने बताया कि कोविड काल के उपरांत अपीलों/शिकायतों के नोटिस जारी करने, निस्तारण में लगभग डेढ़ से दो वर्ष का जो समय लग रहा था, आयोग के सतत प्रयासों से वह अब मात्र 04 से 06 माह रह गया है। मुख्य सूचना आयुक्त ने बताया कि अपीलों/शिकायतों के निस्तारण के हिसाब से वर्ष 2022-23 में आयोग द्वारा अपने गठन से अब तक का सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4,116 सुनवाई की गई तथा 3,718 वादों का निस्तारण किया गया।

# कमर तोड़ रहा वैकल्पिक मार्ग, धूल व मिट्टी भी बनी चुनौती

**◆मालन नदी पर लोक निर्माण विभाग की ओर से बनाया गया है वैकल्पिक मार्ग**
**◆लोगों की शिकायत के बाद भी मार्ग मरम्मत की सुध नहीं ले रहा लोक निर्माण विभाग**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : मालन नदी का पुल ढहने के बाद भले ही लोक निर्माण विभाग ने वैकल्पिक मार्ग का निर्माण किया हो। लेकिन, यह मार्ग भी वाहन चालकों के लिए एक चुनौती बन गया है। एक ओर जहां मार्ग पर बने गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों की कमर तोड़ रहे हैं। वहीं, धूल व मिट्टी से आंखों को भी नुकसान पहुंच रहा है। क्षेत्रवासियों ने लोक निर्माण विभाग से मार्ग मरम्मत करवाने की मांग की है।

वर्षाकाल में मालन नदी का पुल ढहने के बाद कोटद्वार को भाबर क्षेत्र से जोड़ना एक चुनौती बन गई थी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने तल्ला मोटाढांक-बेलगिरी आश्रम से वैकल्पिक मार्ग तैयार किया। इससे बाजार से भाबर को जाने व आने वाले वाहनों को काफी राहत मिली। मार्ग का सबसे अधिक फायदा औद्योगिक इकाईयों को जाने वाले भारी वाहनों को मिला। लेकिन, वर्तमान में यह मार्ग पूरी तरह बदहाल हो चुका है। तल्ला मोटाढांक से वैकल्पिक मार्ग की ओर सड़क के गड्ढे वाहन चालकों की कमर तोड़ रहे हैं। सबसे अधिक समस्याओं का सामना दोपहिया वाहन चालकों को हो रहा है। मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही से उड़ रही धूल दम घोट रही है। डेढ़ किलोमीटर का यह मार्ग पार करना एक चुनौती बन गई है।



कोटद्वार में बेलगिरी आश्रम-हल्दूखाता वैकल्पिक मार्ग में पड़े गड्ढे

## मार्ग पर बिछाया जाएं डामर

यातायात को बेहतर बनाने के लिए क्षेत्रवासियों ने वैकिल्पक मार्ग के डामरीकरण की मांग की है। कहा कि इससे क्षेत्रवासियों को गड्ढे व धूल से काफी निजात मिलेगी। मार्ग से बच्चों व बुजुर्गों को ले जाने में सबसे अधिक परेशानी होती है। वहीं, रात के समय मार्ग पर अंधेरा छा जाता है। जिससे जंगली जानवरों का भी खतरा बना रहता है। ऐसे में मार्ग के दोनों ओर पर्याप्त स्ट्रीट लाइटें लगवाई जानी चाहिए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**कोटद्वार** : तल्ला मोटाढांक निवासी एक महिला की संदिग्ध परस्थितियों में मौत हो गई। महिला कुछ दिन से बीमार चल रही थी। तल्ला मोटाढांक निवासी ज्योति देवी (25) पत्नी कोमल कुमार की वर्ष 2017 में शादी हुई थी। महिला के दो छोटे बच्चे भी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने स्वजनों के हवाले से बताया कि मृतका को कुछ दिन से बुखार की शिकायत थी। सुबह होते ही बुखार इतनी तेजी से बढ़ा कि महिला के मुंह से झाग आने लगा और वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में स्वजन उसे अपने निजी वाहन से राजकीय बेस हास्पिटल लाए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया

# जन्मदिवस पर पूर्व मुख्यमंत्री स्व.नारायण दत्त तिवारी को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नारायण दत्त तिवारी के जन्म दिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सदस्यों ने समाज हित में तिवारी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि समाज सेवा के लिए दिए गए तिवारी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कहा कि 18 अक्टूबर 1925 को नैनीताल में जन्मे पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी उन राजनेताओं में शामिल रहे जिन्हें अर्थनीति व कूटनीति से लेकर अंतरराष्ट्रीय राजनीति की बेहतर समझ थी। उनकी गिनती सियासत के माहिर खिलाड़ियों में की जाती थी। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान वे राज्यपाल, केंद्र में वित्त और विदेश मंत्री से लेकर उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री जैसे पदों पर विराजमान रहे। कहा कि उन्होंने अपनी राजनीति की शुरुआत इलाहाबाद छात्र संघ के अध्यक्ष पद से की थी और उसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री और राज्यपाल पदों पर कार्य करते हुए राजनीति की ऊंचाइयों को छुआ। इस कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय रावत, पूर्व सैनिक संगठन जिलाध्यक्ष धीरेंद्र बिष्ट, महावीर सिंह रावत, बृजपाल सिंह नेगी, राजा पंवार और चंद्र मोहन सिंह रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।


कोटद्वार में नारायण दत्त तिवारी को श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता व पदाधिकारी

## जल संस्थान के ईई को मैक्स ने मारी टक्कर, दी तहरीर

**कोटद्वार** : मंगलवार रात सिद्धबली मंदिर के दर्शन के बाद अपने कालाबड़ स्थित आवास पर जा रहे कोटद्वार जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को एक मैक्स ने टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक मैक्स लेकर फरार हो गया। घायल अधिशासी अभियंता को उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया गया। जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। अधिशासी अभियंता ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी है।

जल संस्थान कोटद्वार के अधिशासी अभियंता अभिषेक कुमार वर्मा ने कोतवाली में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को वह सिद्धबली मंदिर के दर्शन कर पैदल अपने आवास कालाबड़ जा रहे थे। इसी दौरान जब वह कोतवाली के समीप पहुंचे तो एक मैक्स ने उन्हें टक्कर मारी दी। जिससे उन्हें चोट आ गई। बताया कि घटना के बाद मैक्स चालक मौके से फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# दुगड्डा में हुआ सीता स्वयंवर का मंचन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : श्री रामलीला कमेटी दुगड्डा की ओर से दुगड्डा में आयोजित रामलीला में चतुर्थ दिवस पर सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। लीला के प्रारंभ में कृष्ण-सुदामा की मनमोहक झांकी का मंचन किया गया। तत्पश्चात लीला में राजा जनक का स्वयंवर के लिए जनकपुरी पहुंच रहे राजाओं की व्यवस्था करने के लिए अपने मंत्रियों को कहना से मुनि विश्वमित्र का राम व लक्ष्मण को लेकर पहुंचना, राम लक्ष्मण का जनकपुरी भ्रमण, सीता का सहेलियों के साथ देवी पूजन को आना, जनक दरबार में राजा महाराजाओं का प्रवेश करना, स्वयंवर में रावण-बाणासुर संवाद, सभी राजाओं का धनुष तोड़ने में विफल रहना, राजा जनक की व्याकुलता बढ़ना, राम द्वारा धनुष तोड़ना, सीता का राम को जयमाला पहनाना और परशुराम-लक्ष्मण संवाद तक की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों के दमदार अभिनय ने ठंड में भी दर्शकों को बांधे रखा। रामलीला संचालन में नितेश ठाकुर, संजीव कोटनाला, प्रदीप बडोला, राहुल जैन आौर अनूप गुप्ता ने भी सहयोग दिया।


दुगड्डा में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार

## रेलवे प्लेट फार्म पर बैठे व्यक्ति पर चाकू से किया हमला

**कोटद्वार** : रेलवे प्लेटफार्म में बैठे एक व्यक्ति पर अज्ञात युवक ने चाकू से हमला कर दिया। व्यक्ति को उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया गया। वहीं, चाकू से हमला करने के बाद युवक मौके से फरार हो गया।

काशीरामपुर तल्ला निवासी अनिल कुमार क्षेत्र में कारपेंटर का काम करता है। दोपहर के समय वह अपने कमरे से खाना खाने के बाद बाजार आने के लिए पैदल चलकर रेलवे प्लेट-फार्म तक पहुंचा था। अनिल कुमार ने बताया कि वह प्लेट-फार्म में बैठकर बीड़ी पी रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात युवक उसके समीप पहुंचा और बीड़ी मांगने लगा। बताया कि जब उसने युवक को बीड़ी दी तो वह उसी के समीप बैठकर उसे पीने लगा। बीड़ी खत्म होने के बाद युवक ने अपनी जेब से चाकू निकाला और उस पर हमला कर दिया। चाकू के हमले में अनिल के गले व हाथ पर गहरे घाव आ गए। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस को देख युवक काशीरामपुर तल्ला की ओर फरार हो गया।

## स्वरोजगार के लिए 25 आवेदन स्वीकृत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना व दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास होमस्टे योजना की बैठक में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में 18 आवेदन व दीन दयाल उपाध्याय होमस्टे योजना में 12 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें वाहन के लिए 14 व गैर वाहन मद में 2 आवेदकों व होमस्टे के लिए 9 आवेदन स्वीकृत किए गए।बुधवार को डीएम सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे ने अफसरो को स्वरोजगार के लिए आ रहे आवेदनों की जांच कर उन्हें योजना से लाभांवित करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि जिन आवेदकों के दस्तावेज अधूरे रह गए हैं वह समय पर दस्तावेज पूरे करते हुए पर्यटन विभाग को प्रस्तुत करें। जिससे आगे की कार्यवाही समय पर की जा सकेगी। उन्होंने स्वरोजगार इच्छुक लोगों को योजना के तहत अधिक से अधिक स्वरोजगार मुहैया करवाने के लिए अफसरो को निर्देश दिए। कहा कि जिन आवेदकों द्वारा बस संचालन के लिए आवेदन किया है वह बस का संचालन जिस कंपनी के माध्यम से करना चाहते हैं उसके लिए संबंधित कंपनी से अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध करते हुए पर्यटन विभाग को प्रस्तुत करना होगा।

# राम, भरत का मिलाप देख भावुक हुए दर्शक

**श्री बाल रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला का छठवां दिन**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : श्री बाल रामलीला कमेटी की ओर से सिद्धबली मार्ग पर आयोजित रामलीला के छठवें दिन राम भरत मिलाप लीला का मंचन किया गया। लीला का आरंभ व्यापार मंडल के जिला मंत्री अजय गुप्ता व सेवकराम मानूजा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

लीला के अंतर्गत भरत भ्राता राम चन्द्र, सीता माता और भ्राता लक्ष्मण के 14 वर्षों के लिए वन में जाने का समाचार सुनकर विलाप करते हैं और रामचंद्र से मिलने वन की ओर प्रस्थान करने का निर्णय लेते हैं। भरत राम से मिलने पर उनसे आग्रह करते है कि अयोध्या वापस चलो।

प्रभु श्री राम कहते हैं कि नहीं भैया, हमें पिता एवं माता केकई के वचनों का पालन करना है। उसके बाद भरत राम की खड़ाऊ लेकर अयोध्या वापस लौट जाते हैं। कलाकारों ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। इस अवसर पर ज्ञान सिंह, नितिन गुप्ता, मनोज अग्रवाल, ओम प्रकाश भाटिया, आशीष सतीजा और दिनेश शर्मा सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।


आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार

## पर्वतीय क्षेत्रों में लैटाना झाड़ी के उन्मूलन की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विकासखंड दुगड्डा के प्रधान संगठन अध्यक्ष सरदार सिंह नेगी ने पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार फैल रही लैंटाना झाड़ी के उन्मूलन की मांग की है। कहा कि जनता के हित में जल्द ही इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

इस संबध में जिलाधिकारी और प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में लैंटाना झाड़ी का फैलाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पहाड़ में कृषकों के खेतों से लेकर जंगल तक में यह झाड़ी तेजी से फैल रही है।

प्रदेश में इस झाड़ी ने विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों को समाप्त कर जैव विविधता पर संकट खड़ा कर दिया है। वहीं इस झाड़ी के कारण ही जंगली जानवरों ने मानव बस्तियों की ओर रुख करना आरंभ कर दिया है। कहा कि इस झाड़ी को समाप्त करने के लिए दवाइयों का छिड़काव तो किया जा रहा है, लेकिन यह इसकी रोकथाम का स्थाई समाधान नहीं है। इस झाड़ी को समाप्त करने के लिए ऐसी दवा बनाई जानी चाहिए जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति, वनस्पतियों और मानव जीवन पर कोई प्रभाव न पड़े, साथ ही इस झाड़ी के उन्मूलन के लिए जन सहयोग से अभियान भी चलाया जाना चाहिए।

## वैज्ञानिक तरीके से करें मौन पालन

**पौड़ी** : नेशनल बी बोड, कृषि मंत्रालय के सहयोग से प्रेक्षागृह में दो दिवसीय सेमिनार शुरू हो गया है। सेमिनार में मौन पालन व्यवसाय को लेकर किसानों को जानकारी दी गई। सेमिनार में मौन विशेषज्ञ डा. सुरेंद्र सिंह सैनी ने वैज्ञानिक तरीके से मौन पालन करने के बोर में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विस्तार से शहद उत्पादन बढ़ाने को लेकर जानकारी दी। उन्होंने लोगों से मौन पालन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने की अपील भी की। सेमिनार में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। विनोद कुमार गुसांई ने स्थानीय रूप से मौनपालन को बढ़ावा देने, उत्पादित शहद क्रय करने, शहद प्रसंस्करण व आवश्यक सामग्री प्रदान करने को लेकर जानकारी दी। इस मौके पर हरीश रमोला, डा. प्रियंका, चमन सिंह आदि शामिल रहे।

# परीक्षा परिणाम घोषित न होने पर भड़के छात्र

**श्रीनगर गढ़वाल** : बिड़ला परिसर के नव निर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल के नेतृत्व में जय हो छात्र संगठन से जुड़े छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक से मिलकर परीक्षा परिणाम घोषित न होने पर रोष जताया। इस दौरान उन्होंने जल्द से जल्द रूके हुए परीक्षा परिणाम घोषित कराए जाने की मांग की।

छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल ने कहा कि अंतिम वर्ष के जिन छात्रों की मुख्य परीक्षा तथा अंक सुधार परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किए गए हैं उन्हें दो दिन के भीतर घोषित किया जाए।

साथ ही तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्रों के पिछले सभी मुख्य परीक्षा तथा अंक सुधार परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही मांग पर कार्यवाही नहीं हुई तो उन्हें आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। मांग करने वालों में वीरेंद्र सिंह बिष्ट, पुनीत अग्रवाल, सौरभ रावत, राजा चौधरी, कौशल रावत, दीपक बिष्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## छात्राओं ने सीखें आत्मरक्षा के गुर

**श्रीनगर गढ़वाल** : महिला थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा देवभूमि पब्लिक स्कूल नकोट बिलकेदार में छात्राओं को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग दी गई। जिससे छात्राएं विपरीत परिस्थितियों में बहादुरी से सामना कर सकें। इस मौके पर छात्राओं को साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा छात्राओं को अपने कानूनी अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक करने के लिए पोक्सो ऐक्ट के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को महिला संबंधी अपराध, आपातकालीन नम्बर डायल-112, साइबर हेल्पलाइन-1930 और उत्तराखण्ड पुलिस एप में महिला सुरक्षा हेतु उपलब्ध गौरा शक्ति मॉड्यूल में रजिस्ट्रेशन करने के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

# भारत में बदलने लगी खेलों की तस्वीर : प्रो. भट्ट

**800 मी. दौड़ में पोखड़ा के अमन और थलीसैंण की नीलम दौड़ी सबसे तेज**

**श्रीनगर गढ़वाल** : सीडीएस विपिन रावत स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रीकोट गंगानाली श्रीनगर में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ माध्यमिक स्कूलों की खेल प्रतियोगिताओं (गढ़देवा 2023) का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। प्रतियोगिताओं का उदघाटन करते हुए गढ़वाल विवि के प्रति कुलपति प्रो. राकेश चंद्र भट्ट ने कहा कि खेलो इंडिया जैसे आयोजनों से भारत में खेलों की तस्वीर बदलने लगी है। उन्होंने सरकार की शिक्षा व खेल की उपलब्धियों को बताते हुए हाल ही में हुए एशियाड खेलों में भारत के शानदार प्रदर्शन के लिए खेलो इंडिया जैसी योजनाओं को श्रेय दिया।

बुधवार को गत वर्ष के चैंपियन अमन भट्ट ने खेल मशाल प्रज्ज्वलित कर सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई। इससे पूर्व राबाइंका श्रीनगर की छात्राओं ने स्वागत गीत व कान्वेंट स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। पहले दिन सीनियर बालक की 800 मी. दौड़ में राइंका कुरियाखाल पोखड़ा के अमन प्रथम, राइंका कोटद्वार दुग्ड्डा के फरदीन द्वितीय व राइंका गवाड़ी थलीसैण के अनिल सिंह तृतीय रहे। सीनियर बालिका वर्ग की 800 मी. दौड़ में राइंका गडोली थलीसैण की नीलम प्रथम, राइंका गैडखाल यमकेश्वर की अंजलि द्वितीय व राइंका गडिगांव पावौ की दिया रावत तृतीय रही। जूनियर बालक वर्ग की 800 मी. दौड़ में राइंका बरखेत रिखणीखाल के रोहन ने प्रथम, राइंका थलीसैण के हेमंत रावत ने द्वितीय व राइंका बल्ली दुग्ड्डा के शिवम नेगी ने तृतीय स्थाना प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग की 800 मी. दौड़ में इंका मोटाढाग दुग्ड्डा की रीता, राइंका गैडखाल यमकेश्वर की संजना, राउमावि रिकसाल थलीसैण की ज्योति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर बालक वर्ग की 600 मी. दौड़ में राइंका गैडखाल के ऋषभ, बालिका वर्ग में राइंका मोहनचट्टी यमकेश्वर की निकिता ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस मौके पर कार्यक्रम अध्यक्ष मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र गौड़, खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी रावत, विशिष्ट अतिथि श्रीनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर जोशी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रावत, वासुदेव कंडारी, प्रदीप मल्ल, सरोप सिंह मेहरा, बलराज गुसांई आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. सरिता उनियाल ने किया। (एजेंसी)

# धूमधाम से निकाली गई भगवान श्री राम की बारात

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्री आदर्श रामलीला समिति श्रीनगर के तत्वावधान में रामलीला के तीसरे दिन नगर क्षेत्र में राम बारात निकाली गई। राम बारात कमलेश्वर से शुरू होकर हाईवे से होकर गणेश मंदिर प्रागंण में पहुंची। जहां भगवान श्री राम और जगत जननी सीता और लक्ष्मण ने राजा दशरथ एवं भरत और शत्रुघन से भेंट की। जिसके बाद बारात मुख्य बाजार से हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंची। जगह-जगह राम बारात का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत भक्तों द्वारा किया गया।

पूजा अर्चना के बाद राम बारात रामलीला मैदान पहुंची। जहां पर बारात का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात भगवान राम की आरती राजा जनक एवं रानी सुनैना द्वारा और राम सीता विवाह का सुंदर मंचन प्रस्तुत किया गया। दीपांशु गुप्ता राम, नवीन उनियाल लक्ष्मण, प्रियव्रत सीता, सोनू दशरथ, बुद्धिबल्लभ उनियाल जनक, अंकित रावत सुनैना की भूमिका में रहे। संगीत निर्देशक राघव जोशी, प्रकाश पोखरियाल, अनिरुद्ध नवानी, पंकज ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कैंतुरा, सचिव दीपक उनियाल, उपाध्यक्ष देवेंद्र मणि मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, संरक्षक दिनेश असवाल, हरि प्रसाद उनियाल, टीसी थपलियाल, जय देव सडाना एवं पुरोहित श्रीराम कृष्ण पांडेय सहित आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## एमएड परीक्षाओं के केंद्र तय

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि ने एमएड 2022-23 चतुर्थ सेमेस्टर की मुख्य तथा बैक पेपर परीक्षाओं के लिए केंद्र निर्धारित किए गए हैं। विवि के परीक्षा नियंत्रक एचएम आजाद की ओर से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि श्री देव भूमि इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन देहरादून, पेस्टिल वीड कॉलेज ऑफ देहरादून के छात्रों का परीक्षा केंद्र डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून तथा अरिहंत कॉलेज ऑफ एजुकेशन रूड़की का परीक्षा केंद्र बीएसएम पीजी कॉलेज रूड़की को बनाया गया है।

# भुवनेश्वरी सिद्धपीठ में बना हुआ भक्तिमय माहौल

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी** : भुवनेश्वरी सिद्धपीठ में नवरात्रि के अवसर पर चल रहे दिव्य अनुष्ठान से यहां भक्तिमय माहौल बना हुआ है। मां भुवनेश्वरी की दैनिक पूजा के साथ-साथ रुद्राभिषेक सभी बटुकों के द्वारा रामचरित मानस व 9 दिनों तक निरंतर चलने वाला अखंड यज्ञ, दुर्गा सप्तशती पाठ के माध्यम से मां की पूजा अर्चना हो रही है।

मंदिर के मुख्य पुजारी सुधांशु जुयाल ने बताया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के इस सिद्ध पीठ में मां का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। मध्यान धूंयेल में सभी भक्तों ने मां की पांच परिक्रमा की। कार्यक्रम संचालक आचार्य नवीन ममगांई ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जसकोट उज्याडी, कुंडी, पलोटा, कमेड़, क्यूकालेश्वर मोहल्ला, कांडा, टंगरौली डांडा पानी, रैदुल व पवांई ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष नवीन जुयाल, संयोजक अनसुया प्रसाद, संरक्षक विरेन्द्र जुयाल विद्यालय प्रबन्धक राजेन्द्र जुयाल, दिगंबर, सतीश, द्वारिका जुयाल आदि मौजूद रहे।

# वाटर कलर पेंटिंग एक साधना हैः पद्मश्री यशोधर मठपाल



अल्मोड़ा। वाटर कलर पेंटिंग एक साधना है और इसके लिए लम्बी अवधि लगती है यह बात पद्मश्री यशोधर मठपाल ने अपनी कला प्रदर्शनी हेतु आयोजित प्रेसवार्ता में कही। पद्मश्री यशोधर मठपाल द्वारा एक कला प्रदर्शनी शारदा पब्लिक स्कूल में लगाई जा रही है। तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी 19 से 21 अक्टूबर तक शारदा पब्लिक स्कूल में आयोजित हो रही है। पद्मश्री यशोधर मठपाल ने कहा कि उन्होंने वाटर कलर की तकनीक का उपयोग करने को लम्बी साधना की है। टेम्परा, एक्रेलिक, ऑयल पेंटिंग की अपेक्षा वाटर कलर पेंटिंग में अधिक समय लगता है। उन्होंने बताया उनको बचपन से ही चित्रकारी का शौक था कक्षा तीन में उन्होंने विद्यालय की दीवारों पर चित्रकारी की थी बाद में उन्होंने लखनऊ से फाइन आर्ट की शिक्षा ली। उन्होंने चित्रों में दो मुख्य विषय बताए, एक तो संस्कृति और दूसरा प्रकृति पर आधारित चित्रकला में अपना रुझान बताया। पद्मश्री यशोधर मठपाल ने कहा कि उन्होंने गुफा चित्रकला में अपने जीवन के 40 साल लगाए हैं जिसके लिए उन्होंने उत्तराखंड से केरल तक यात्रा की है। उन्होंने बताया कि गुफाओं में कला के लिए उन्हें कई दिनों तक मेहनत करनी पड़ती थी। 2006 में उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## विद्यालय आवंटन में अपनाई जाए पारदर्शिता

बागेश्वर। पदोन्नति के बाद विद्यालय आवंटन में पूरी पारदर्शिता अपनाए जाने की मांग मुखर होने लगी है। एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री को इस आशय का एक ज्ञापन भेजा है। जिसमें पूर्व की भांति पादर्शिता व निष्पक्षता बनाए रखने की मांग की है।

एसोसिशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय कुमार टम्टा ने कहा कि प्रदेशभर में प्रारंभिक शिक्षा में कार्यरत शिक्षकों की मांग के अनुरूप प्रदेश के सभी जनपदों में प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय एवं जूनियर हाई स्कूलों में सहायक अध्यापक पदों पर पदोन्नतियों में पूर्व की भांति पारदर्शिता व निष्पक्षता को बनाए रखने की मांग की।



# कांग्रेसियों ने पं. तिवारी के विकास कार्यों को याद किया

रुद्रपुर। पूर्व सीएम स्व. पंडित नारायण दत्त तिवारी की जयंती व पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। बुधवार को विधायक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि पंडित तिवारी के महत्वपूर्ण योगदान के कारण ही उत्तराखंड में विकास की गंगा बह रही है। इस मौके पर नगर पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली, रमेश तिवारी, ओमप्रकाश दुआ, सुनीता कश्यप, जितेंद्र संधू, ताहिर मलिक, एनयू खान, धर्मेन्द्र सिंधी, दानिश मलिक, अशोक मित्रा, नितिन शर्मा, दुर्गेश गुप्ता, जीवन जोशी, फजील खान आदि रहे।

# जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में बाल गणना स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित

अल्मोड़ा। बाल गणना वर्ष 2023–24 स्टीयरिंग कमेटी की बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य शिक्षाधिकारी ने बताया कि बाल गणना 2023–24 में जनपद के प्रत्येक बस्ती में निवासरत 03–18 वर्ष वर्ग के समस्त बच्चों की बाल गणना की जानी है तथा सभी विद्यालयों से सेवित बस्तियों की सूची तैयार की जानी है। उन्होंने बताया कि बाल गणना का कार्य दिनांक 21 अक्टूबर से 25 दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण किया जाना है। इस कार्य हेतु नोडल अधिकारियों को नामित कर दिया गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विकास खण्डवार चिन्हित ऑउ्ट आफ स्कूल बच्चे को चिन्हित किया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि बाल गणना हेतु घर–घर सर्वेक्षण के दौरान भरे गये प्रपत्रों/ऑकड़ों का मिलान गत वर्ष की बाल गणना के ऑकड़ों से अवश्य कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि जिस वार्ड/बस्ती में बाल गणना हो रही है उस क्षेत्र में अस्थायी निवास करने वाले यथा कूड़ा बीनने वाले, भिखारी, अनाथ मलिन बस्तियों में रहने वाले एवं श्रमिक परिवारों के बच्चों को अवश्य रूप से शामिल किया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि विकलांगता से ग्रसित बच्चों को विकलांगता के आधार पर अलग–अलग श्रेणियों में विभाजित कर अंकित किया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र की ऐसी बस्तियों जिनकी बाल गणना यदि गत वर्ष नहीं हो पाई तो उसके लिए विस्तृत कार्य योजना बना कर उनकी बाल गणना की जाय। उन्होंने कहा कि इस कार्य में विद्यालयों के शिक्षकों (प्राथमिक एवं माध्यमिक) के साथ–साथ ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मलित किया जाय। इस अवसर पर मुख्य शिक्षाधिकारी अम्बा दत्त बलौदी सहित सभी खण्ड शिक्षाधिकारी उपस्थित थे।

## भुगतान को लेकर ठेकेदार ने दिया धरना

रुद्रपुर। नगर पंचायत के ठेकेदार ने भुगतान की मांग को नगर के मुख्य चौराहे पर धरना दिया। ठेकेदार के समर्थन में एक सभासद व एक सभासद पति भी धरने पर बैठे।ठेकेदार रामविलास अग्रवाल ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत ने एक करोड़ का कार्य किया है, लेकिन भुगतान नहीं हो रहा है। आरोप है कि भुगतान मांगने पर उत्पीड़न किया जा रहा है। ठेकेदार रामविलास के धरने को वार्ड नंबर 3 के सभासद सुखलाल सिंह और वार्ड नंबर 6 से सभासद पति ओम प्रकाश चौरसिया ने समर्थन दिया और साथ में धरना दिया। ईओ विमला जोशी ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2023 में कार्यभार ग्रहण किया है।

# शांतिपुरी में पूर्व सीएम पंडित नारायण दत्त तिवारी की 99 वी जयंती मनाई



रुद्रपुर। बुधवार को किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के शांतिपुरी स्थित कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री पंडित नारायण दत्त तिवारी का 99 वीं जयंती पं. तिवारी के पुराने साथी पं. बंशीधर जोशी की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसियों ने पं. नारायण दत्त तिवारी के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने उन्हें विकास पुरुष, कुशल राजनीतिज्ञ एवं उत्तराखंड के राष्ट्रपिता के रूप में याद किया। उन्होंने कांग्रेसियों और कार्यकर्ताओं से पंडित तिवारी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करने की अपील की। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय ने पं. तिवारी को युवाओं के हित चिंतक तो पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट में उन्हें उत्तराखंड में उद्योग नगरी की नींव रखने वाला बताया। इस दौरान किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री महिपाल सिंह बोरा, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बिशन सिंह कोरंगा, प्रकाश सिंह बोरा, खीमानंद त्रिपाठी, गुडू पांडे, सुभाष जोशी, ग्रीश पाठक, दामोदर जोशी, पूर्व प्रधान नारायण सिंह कोरंगा, युवक मंगल दल अध्यक्ष मोहन सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।

# किच्छा में अवैध मदरसा चलाने वाला गिरफ्तार



रुद्रपुर। पुलभट्टा क्षेत्र में अवैध मदरसा चलाने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने सिरौलीकलां से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बुधवार को एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर को थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम सत्यापन के लिए चार बीघा सिरौलीकलां पहुंची। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि सिरौलीकलां बाबू गोटिया में एक मदरसा चल रहा है। इसके मुख्य गेट पर ताला लगा है, जबकि अंदर बच्चे हैं। पुलिस ने मदरसे के दूसरे गेट से जाकर उसे खुलवाकर चेक किया तो एक अंधेरे कमरे में 22 बच्चियां और दो बच्चे बंद मिले। महिला आरक्षी की मदद से एक–एक कर सभी बच्चों को बाहर निकाला गया। साथ ही बच्चों के नाम और पते की जानकारी ली गई। बच्चों की उम्र चार से 16 साल तक है। इसमें 11 बच्चे बरेली यूपी और 13 बच्चे स्थानीय थे। मौके से मदरसे का संचालक इरशाद पुत्र अबरार फरार हो गया, जबकि उसकी पत्नी खातून बेगम मिली। उसने बताया कि मदरसे का नाम जामिया नगमा फातिमा खातून है, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाई। इसके बाद आरोपी की पत्नी को गिरफ्तार कर सभी बच्चों की काउसिंलिग के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया था। मंगलवार को पुलिस ने मदरसा के संचालक इरश-ाद को सिरौलीकलां से गिरफ्तार कर लिया।

## सीओ ने किया यातायात कार्यालय का निरीक्षण

बागेश्वर। पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा ने बुधवार को यातायात कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों के साथ बैठक की। उनकी व्यक्तिगत, पारिवारिक व विभागीय समस्याओं के बारे में जानकारी ली। यातायात नियमों का पालन न करने एवं यातायात व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वाले चालकों का ट्रैफिक आई एप के माध्यम से अधिक से अधिक चालानी कार्रवाई करें। उन्होंने पुलिस कर्मियों को नशे का सेवन ना करने, पौष्टिक आहार लेने व स्वयं को फिट व स्वस्थ्य रहने के टिप्स दिए।

# आपदा न्यूनीकरण से कराए जा रहे कार्यों का सचिव ने किया स्थलीय निरीक्षण



अल्मोड़ा। सचिव उत्तराखंड शासन विनोद कुमार सुमन ने जनपद अल्मोड़ा में आपदा न्यूनीकरण से कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्धता से करने के दिशा निर्देश दिए। बुधवार को अल्मोड़ा पहुंचे सचिव विनोद कुमार सुमन ने सर्वप्रथम दुगाल खोला पहुंचकर सिंचाई विभाग के माध्यम से कराए जा रहे नगर के ड्रेनेज प्लान के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की। अधिशाषी अभियंता सिंचाई खंड अल्मोड़ा मोहन सिंह रावत ने बताया कि अल्मोड़ा नगर के बेहतर ड्रेनेज प्लान में प्रथम चरण में 39 नालों पर कार्य किया जा रहा है।

# एनडीआरएफ की नार्थ जोन फुटबॉल 13 वीं वाहिनी लुधियाना ने जीती




रुद्रपुर। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के नार्थ जोन की अन्तर वाहिनी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन सुदेश कुमार दराल, सेनानी 15वीं वाहिनी ने कैम्प परिसर में स्थित फुटबॉल मैदान में किया।

फुटबॉल प्रतियोगिता 16 से 17 अक्तूबर तक की गई। 7वीं वाहिनी एवं 13वीं वाहिनी के बीच हुए फाइनल में 13वीं वाहिनी विजेता रही। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों में तैनात 7वीं वाहिनी बठिंडा (पंजाब), 13वीं वाहिनी लुधियाना (पंजाब), 14वीं वाहिनी कांगडा (हिमाचल प्रदेश ) और 15वीं वाहिनी गदरपुर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। 7वीं वाहिनी और 13वीं वाहिनी के मध्य फाइनल मैच खेला गया। इसमें 13वीं वाहिनी विजेता रही। प्रतियोगिता की समाप्ति पर सुदेश कुमार दराल, कमाण्डेंट, 15वीं वाहिनी ने विजेता और उप–विजेता टीम को मेडल एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारियों की प्रशंसा कर प्रतियोगिता का विधिवत समापन की घोषणा की।

## पश्चिम बंगाल के बैडमिंटन कोच को एक साल की सजा

बागेश्वर। पश्चिम बंगाल से टूर्नामेंट खेलने के लिए अल्मोड़ा आयी नाबालिग बैडमिंटन खिलाड़ी के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी कोलकाता के कोच को विशेष सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर शुक्ला की अदालत ने एक वर्ष के सश्रम कारावास और 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2019 में मुकदमा दर्ज हुआ था। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि 2019 में पीड़िता पश्चिम बंगाल से अल्मोड़ा बैडमिंटन टूर्नामेंट खेलने आई थी। इस दौरान आरोपी कोच अरिंताप दास गुप्ता पुत्र जोयदास गुप्ता निवासी पांच ठाकुर रामकृष्ण लेन गर्फा कोलकाता पश्चिम बंगाल ने पीड़िता के साथ अश्लील हरकतें कीं।

# लैंगिक अपराध के मामले में अभियुक्त को एक वर्ष सश्रम कारावास और 25 हजार अर्थदंड



अल्मोड़ा। लैंगिक अपराध के एक मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर शुक्ला ने अभियुक्त अरिन्ताप दास गुप्ता पुत्र जोय दास गुप्ता, निवासी–5 ठाकुर रामकृष्ण लेन, गर्फा कोलकाता, पश्चिम बंगाल को धारा–12 लैंगिक हमलों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के तहत 1 वर्ष का सश्रम कारावास तथा पच्चीस हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। अभियोजन कहानी के अनुसार दिनांक 16–09–2019 को पीड़िता कोलकता से पश्चिम बंगाल की ओर से ईस्ट जोन बैडमिन्टन टूनामैन्ट खेलने के लिए टीम व कोच के साथ अल्मोड़ा आई हुई थी तथा दिनांक 19–09–2019 को टूर्नामेंट शुरू हुआ उस दिन अभियुक्त अरिन्ताप दास गुप्ता ने पीड़िता को फोन में मैसेज भेजा तो पीड़िता ने मैसेज भेजने को मना किया तो अभियुक्त ने पीड़िता को मिलने के लिए बुलाया जिस पर पीड़िता ने मिलने से भी मना कर दिया। जिसके बाद अभियुक्त ने कई बार पीड़िता को फ़ोन किया और मना करने के बावजूद मिलने को पहुंचा और कमरे में जाकर भी बदसलूकी की। पीड़िता ने अपने घर कोलकाता पहुँच कर अपनी माँ को अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया।

जिसके बाद पीड़िता के पिता द्वारा पुलिस स्टेशन को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली अल्मोड़ा में 354ए, 354डी, ता.हि. व 12 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना अधिकारी द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस मामले का विचारण विशेष सत्र न्यायाधीश, अल्मोड़ा के न्यायालय में चला।

# कांग्रेस ने एनडी तिवारी का जन्म व पुण्यतिथि मनाई



बागेश्वर। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी की जन्मतिथि व पुण्यतिथि मनाई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने कहा कि तिवारी विकास पुरुष है। आज भी जिले में जिनता भी विकास दिख रहा है उन्हीं के मुख्यमंत्री काल में हुआ है। ऐसा विकास अन्य किसी भी मुख्यमंत्री के कार्यकाल में नहीं हुआ है। एचएमटी फैक्ट्री रानीबाग उन्हीं की देन थी। आज की सरकारों ने उसे बंद कर दिया है। लोगों को रोजगार देने वाली फैक्ट्री बंद हो गई है। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, लोकमणि पाठक, कवि जोशी, गोपा धपोला, राजेंद्र टंगड़िया, गीता रावल, कमल टम्टा आदि मौजूद रहे।

## चेंकिंग के दौरान ऊर्जा निगम की टीम से अभद्रता

रुद्रपुर। वार्ड दो मलपुरा में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान पर निकली ऊर्जा निगम की टीम के साथ एक उपभोक्ता के परिजनों ने अभद्रता कर दी। आरोप है कि उपभोक्ता के परिसर में बिजली चोरी पकड़े जाने पर परिजनों ने मीटर रीडर का हाथ मरोड़ कर उसका मोबाइल तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। इसके बाद निगम की टीम ने केबल व मीटर जब्तीकरण की कार्रवाई की। जेई ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। बुधवार को ऊर्जा निगम के एसडीओ दिनेश चंद गुरुरानी की अगुवाई में टीम बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाते हुए वार्ड 2 मलपुरा में छापेमारी कर रही थी। टीम में जेई ओम कुमार, लाइनमैन हफीज, मीटर रीडर दानिश थे। इस दौरान उन्होंने एक घर में बिजली के खंबे से सीधे केबल डालकर बिजली चोरी होते पकड़ी।

# सीता स्वयंवर में राम ने तोड़ा भगवान शिव का धनुष, लक्ष्मण–परशुराम संवाद रहा ख़ास



अल्मोड़ा। श्री भुवनेश्वर महादेव मंदिर एवं रामलीला समिति कर्नाटक खोला अल्मोड़ा में तृतीय दिवस की रामलीला में सीता स्वयंवर, रावण–बाणासुर तथा परशुराम–लक्ष्मण संवाद प्रसंग मुख्य आकर्षण रहे। भारी ठंड के बावजूद सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। दर्शकों द्वारा मंचन का आनन्द लेते हुए रामलीला की भूरि–भूरि प्रसंशा की गई। रामलीला मंचन के आन–लाईन संदेशों द्वारा भी रामलीला मंचन को काफी सराहना प्राप्त हुई।

दर्शकों ने सीता स्वयंवर और लक्ष्मण परशुराम संवाद का खूब आंनद उठाया। राम की पात्र रश्मि काण्डपाल, लक्ष्मण–दीक्षा कर्नाटक, सीता–कोमल जोशी, ावण–पूर्व मंत्री बिट्टू कर्नाटक, बाणासुर – जितेन्द्र काण्डपाल, परशुराम–अनिल रावत, बन्दीजन–कमल जोशी, तनोज कर्नाटक देश–विदेश के राजा के रूप में कलाकार डॉ.करन कर्नाटक, अभिषेक नेगी, अनिल जोशी, अमर बोरा, प्रदीप चन्द्र पुजारी आदि द्वारा जीवन्त अभिनय किया गया। सर्वप्रथम रामलीला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि करन माहरा अध्यक्ष उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि रामलीला, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे आयोजन समाज व युवा पीढ़ी एवं बच्चों के लिये प्रेरणास्त्रोत हैं जिनसे समाज में फैली हुई बुराईयों को दूर कर अच्छाईयों को आत्मसात करने का संदेश मिलता है।

# प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पूर्व तैयारी आवश्यक



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : सुदूरवर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखण्ड एकेडमी नैनीताल की ओर से बुधवार को सीमांत जनपद चमोली में आपदा प्रबंधन विषय पर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखण्ड एकेडमी नैनीताल के संयुक्त निदेशक ओम प्रकाश ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सीमांत राज्य उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदाएं लगातार दस्तक दे रही है। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पूर्व तैयारी आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण में स्थानीय और वैश्विक स्तर पर हाल के समय में घटित घटनाओं को लेते हुए प्रेजेंटेशन के माध्यम से आपदा से पूर्व, आपदा के दौरान और आपदा के बाद किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया।जिला पंचायत सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ. दीपक सैनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर डॉ. सैनी ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दृष्टिगत सीमांत जनपद चमोली अति संवेदनशील जोन में आता है। उच्च तकनीकी संस्थानों ने भी भूगर्भीय सर्वेक्षण कर अपनी रिपोर्ट में जनपद चमोली को आपदा के दृष्टिगत बेहद संवेदनशील बताया है। ऐसे में आपदा प्रबंधन को लेकर यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस प्रशिक्षण से आपदा के समय आने वाली चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन के नए आयामों और रिसपोंस टाइम को कम से कम करने के संबंध में भी जानकारी दी गई। आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन ग्राम्य विकास विभाग के वित्त समन्वयक संजय पुरोहित ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीएम कुमकुम जोशी, एसडीएम रवीन्द्र ज्वांठा, एसडीएम कमलेश मेहता, समस्त खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, नगर पालिका एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों सहित बिजली, पानी, खाद्यान्न आदि आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

### प्रशिक्षण केंद्र में जरूरी सुविधाओं का विकास करना प्राथमिकता : डीआईजी

श्रीनगर गढ़वाल : केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र एसएसबी श्रीनगर के नव नियुक्त उप महानिरीक्षक सुभाष चंद्र नेगी ने कहा कि प्रशिक्षण केंद्र में जरूरी सुविधाओं का विकास करना उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि आपदा के बाद ध्वस्त हुए एसएसबी के बद्रीश स्टेडियम को नए स्वरूप में ढाला जा रहा है, जल्द ही इसका नया स्वरूप अस्तित्व में आएगा। जिससे जवानों को प्रशिक्षण की और बेहतर सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र जवानों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाने की नीव है। उन्होंने कहा कि 2013 की आपदा में एसएसबी का बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया था। जिसको सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार ने सुरक्षा दीवार का निर्माण व आरवीएनएल ने ध्वस्त हुए हिस्से में रेलवे लाइन निर्माण से निकले मलबे को यहां डंप कर इस जमीन को समतल बनाने में मदद की है।

# स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी संभावनाओं पर की चर्चा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जनप्रतिनिधियों और अपर सचिव स्वास्थ्य ने मंगलवार को जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी संभावनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के दो स्थानों पर संचालित होने से मानव संसाधन की कमी के चलते पेश आ रही दिक्कतें को दूर करने पर जोर दिया गया।

जीएमवीएन तिलवाड़ा स्थित विश्राम गृह में विधायक भरत सिंह चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष अमर देई शाह ने अपर सचिव स्वास्थ्य अमनदीप कौर से जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी संभावनाओं पर चर्चा की। जिसमें जिला चिकित्सालय के दो स्थानों पर संचालित होने से पेश आ रही परेशानियों के समाधान के लिए मानव संसाधन बढ़ाने पर जोर दिया, इसके अलावा जखोली ब्लॉक के गैठाना में स्वास्थ्य उपकेंद्र के स्थापना करने सहित अन्य मांगों पर भी चर्चा की गई। वहीं, तीन दिवसीय भ्रमण के अंतिम दिन स्वास्थ्य अपर सचिव ने जिला चिकित्सालय, पीएचसी तिलवाड़ा, घोलतीर, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर रतूड़ा का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान भारत अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों से वार्ता कर आभा आईडी, टीबी मुक्त ग्राम आदि अभियानों की प्रगति को जाना। साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओ के बारे में भी बात की। इस दौरान जिला अध्यक्ष भाजपा महावीर पंवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एचसीएस मर्तोलिया मौजूद रहे।

# छात्रों ने गढ़वाली, कुमाऊनी गीतों की प्रस्तुति देकर बटोरी तालियां

नई टिहरी : सुप्रसिद्ध 47 वे मां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले में बीते मंगलवार की सांस्कृतिक संध्या पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाऊनी, राजस्थानी और लोकगीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कुंजापुरी पर्यटन विकास मेले में मंगलवार रात की सांस्कृतिक संध्या छात्र-छात्राओं के नाम रही। सांस्कृतिक संध्या में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाऊनी, राजस्थानी, पंजाबी सहित अन्य गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्राथमिक वर्ग (अनिवार्य) में गुरुराम राय पब्लिक स्कूल नरेन्द्रनगर ने प्रथम, माउंट कार्मल एकेडमी ने द्वतीय स्थान प्राप्त किया, प्राथमिक वर्ग (ऐच्छिक) में गुरुराम राय पब्लिक स्कूल नरेन्द्रनगर प्रथम और सरस्वती शिशु मंदिर नरेन्द्रनगर ने द्वितीय स्थान हासिल किया गया।

उच्च वर्ग (अनिवार्य ) में राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर ने प्रथम तथा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नरेन्द्रनगर ने दूसरे स्थान हासिल किया। बुधवार को दोपहर बाद महिला फुटबॉल और वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाऐगी।

# रस्सा कस्सी में ग्राम मलारी व ग्राम कोषा ने जीता खिताब

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा सीमान्त गांवों (वाइब्रेन्ट विलेज) में खेलों को बढ़ावा देने, खेलों के प्रति आम-जनता में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ पलायन को रोकने के उद्देश्य से मलारी, कोषा, गुरगुटी एवं कैलाशपुर गांवों के लिए दो दिवसीय मंनोरजक खेलकूद प्रतियोगिताओ ंका आयोजन किया गया। महिला वर्ग की रस्सा कस्सी के फाइनल में ग्राम मलारी की ए टीम ने मलारी बी को



पराजित कर खिताब अपने नाम किया। पुरूष वर्ग की रस्सा कस्सी में ग्राम कोषा ने ग्राम मलारी को 2-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। पुरूष वर्ग की वालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल में ग्राम कोषा ने ग्राम मलारी को 3-2 से पराजित कर पखिताब अपने नाम किया।महिला नीबू-चम्मच दौड़ में ग्राम मलारी की दुर्गा देवी ने प्रथम, कलावती ने द्वितीय व सुरेशी देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की तीन टांग दौड़ में ग्राम मलारी की दुर्गा व रामेश्वरी देवी ने प्रथम, हेमा व लीला देवी ने द्वितीय तथा दमयन्ती व ऊषा देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की रस्सी कूद में ग्राम मलारी की दमयन्ती ने प्रथम, दुर्गा देवी ने द्वितीय, नोमा देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की कुर्सी दौड़ में ग्राम मलारी की दुर्गा देवी ने प्रथम, रामेश्वरी ने द्वितीय तथा लीला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरूष वर्ग की कुर्सी दौड़ में ग्राम मलारी के सतेन्द्र सिंह, पंकज व वीरेन्द्र सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरूष वर्ग की बोरा दौड़ में ग्राम कोषा के नवीन रावत ने प्रथम, मलारी के पंकज राणा ने द्वितीय एवं कोषा के कुंवर सिंह रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का शतप्रतिशत ऑडिट कराएं : डीएम



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में बुधवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक हुई। बैठक में प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पैक्स) का कम्प्यूटराइजेशन, जन औषधि केंद्र का संचालन, नए खुदरा पेट्रोल-डीजल आउटलेट और खाद्यान्न भंडारण क्षमता में वृद्धि हेतु किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने कार्य प्रगति पर नाराजगी जताते हुए जिला सहायक निबंधक अधिकारी को सहकारिता के अंतर्गत होने वाले कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 31 अक्टूबर तक प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का शत प्रतिशत ऑडिट कराना सुनिश्चित करें। समितियों में जन औषधि केन्द्र, पेट्रोल-डीजल आउटलेट और खाद्यान्न भंडारण के लिए मानकों के अनुरूप शीघ्र भूमि का चयन करते हुए इसका ज्योलॉजिकल सर्वे भी कराया जाए। समितियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए योजनाओं का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। ताकि ग्रामीण एवं ब्लाक स्तर पर आम लोगों को सस्ती जेनरिक दवाइयों के साथ अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। जिला सहायक निबंधक अधिकारी ने बताया कि जिले में सभी 48 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में डाटा रिकन्सिलेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है और ऑडिट का कार्य प्रगति पर है। नए खुदरा पेट्रोल-डीजल आउटलेट एवं अन्न भण्डारण हेतु भूमि चयन की कार्रवाई गतिमान है। बैठक में जिला सहायक निबंधक अधिकारी सुरेन्द्र कुमार टम्टा, अपर जिला सहायक अधिकारी सतवीर सिंह पंवार, कपिल कुमार, सुनीता रौतेला, सीमा बर्त्वाल, उप महाप्रबंधक दीक्षा कंडवाल गौड़, एडीओ उमेश पुरोहित सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।


## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है । निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या, दिनांक | 200-DRM-MB-23-24 DATE 18.10.2023 | 201-DRM-MB-23-24 DATE 18.10.2023 | 203-DRM-MB-23-24 DATE 18.10.2023 | 204-DRM-MB-23-24 DATE 18.10.2023 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | AT Welding of R-260, 60kg/90UTS & 52kg/ 90UTS Rails with Railway Portion Under ADEN/HR-II. | Civil Work in connection with Provision of RGM/ Track machine Siding at MST, MKH, RBD, DLQ & JBG Under Under DEN/II/MB | Rebuilding of Bridge Nos 811UP & DN, 840DN, 857DN, 863DN & 830DN in the section of ADEN/HRI-I | Balance work of various slab bridges in RAC-SPC section of ADEN/HRI-II Under DEN-II-MB |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 10.11.2023 16.00 | 10.11.2023 16.00 | 10.11.2023 16.00 | 10.11.2023 16.00 |
| अनुमानित लागत | 51,19,146.00 | 1,57,98,070.92 | 2,31,76,752.17 | 70,20,403.60 |
| धरोहर राशि | 1,02,400.00 | 2,29,000.00 | 2,65,900.00 | 1,40,400.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 27.10.2023 | 27.10.2023 | 27.10.2023 | 27.10.2023 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह | 6 माह | 12 माह | 6 माह |

नं.: 74-W/2/3/WA/Publicationn दिनांक: 18.10.2023 3241/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे : डीएम

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने जनोपयोगी योजनाओं व सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ हर हाल में देना विभाग सुनिश्चित करेंगे। सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों में लापरवाही पर विभाग की जिम्मेदारी सुनिश्चित कर कार्रवाई की चेतावनी दी।

डीएम दीक्षित ने जिला सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विभाग रोस्टर वाइज कार्य करें। कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। विभाग योजनाओं को ज्यादा लंबित न करते हुए संचालन में आ रही दिक्कतों से समय पर अवगत करायें। इसके साथ ही डीएम ने बैठक में कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों में लापरवाही पर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

शिकायतकर्ता को विभाग हर हाल में संतुष्ट करे। डीएम ने कृषि एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पीएम किसान पेंशन योजना की समस्यायें हो या फिर परिवार रजिस्टर की शिकायतें। इनका निस्तारण हरहाल में विभागीय स्तर पर किया जाय। छोटी-छोटी आपत्तियों व शिकायतों को विभाग आपस में समन्वय बनाकर निस्तारित करें। जिला पंचायत और नगर पालिका नई टिहरी को डीएम ने बीपूरम बोटिंग प्वाईंट पर साफ-सफाई करने के निर्देश भी दिए। बैठक में डीएम ने सितम्बर माह तक की राजस्व संर्वधन एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा करते हुए एएमए जिला पंचायत, जल संस्थान एवं सहित सभी नगर पालिका व नगर पंचायत ईओ को राजस्व वृद्धि करने के निर्देश दिए। विभागों को खराब कम्प्यूटर, कार्टेज व अन्य उपकरणों को ससमय निष्प्रोज्य घोषित करने को कहा। इस अवसर पर सीडीओ मनीष कुमार, डीएफओ पुनीत तोमर, सीईओ एसपी सेमवाल, जिला सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव, ईई पुनर्वास धीरेन्द्र नेगी, ईई लोनिवि जेएस खाती, सहायक निदेशक दुग्ध प्रेम लाल, सहायक निदेशक मत्स्य गरीमा मिश्रा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### 30 को होगी जिला पंचायत की बैठक

नई टिहरी : जिला पंचायत की सामान्य बैठक आगामी 30 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने दी। बताया कि सुबह 10 बजे से जिला पंचायत की समितियों की बैठक आयोजित किए जाने के बाद पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि और तत्पश्चात विभागों से सम्बंधित विकास कामों की समीक्षा विभागवार की जायेगी। (एजेंसी)


## उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी. व ई.पी.एफ. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 04.11.2023 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 03.11.2023 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक / डाकघर की एफडीआर / सीडीआर / राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 15/ 2023-24 | ₹100/- | वि.वि. उपखण्ड प्रथम कोटद्वार के अन्तर्गत जल संस्थान के विद्युतीकरण हेतु लाइन निर्माण कार्य । | 5000.00 |
| 14/ 2023-24 | ₹500/- | वि.वि. उपखण्ड द्वितीय, कोटद्वार के अन्तर्गत ग्राम माला में विद्युतीकरण हेतु लाइन निर्माण कार्य । | 26000.00 |

पत्रांक: 2719/विविखको/टी-6 दिनांक: 18.10.2023 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या-0135-2760911 पर दें।)


# ओबीसी आरक्षण को लेकर कर्णप्रयाग में आयोजित हुई जनसुनवाई

चमोली : आगामी निकाय चुनावों को लेकर अन्य पिछड़ा वर्ग की भूमिका विषय को टटोलने के लिए एकल सदस्यीय समर्पित आयोग ने यहां जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान पिछड़ा वर्ग के लिए काम करने वाले विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने आयोग के सामने समस्याएं और अन्य सुझाव रखे। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में एकल सदस्यीय समर्पित आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बीएस वर्मा ने कहा अन्य पिछड़ा वर्ग की नगर पालिका व पंचायत की राजनीति भागीदारी कितनी होगी। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से रायसुमारी की जा रही है। जिसके लिए स्थानीय स्तर पर अब तक पिछड़ा वर्ग द्वारा चुनावों में पूर्व में हुई भागीदारी, आंगनबाड़ी स्तर पर जानकारी के साथ ही जनसंख्या आदि बिन्दुओं पर भी विस्तार से डाटा तैयार कर सरकार को भेजा जाना है। इस मौके पर सहायक निदेशक शहरी विकास कुमार ने कहा कि स्थानीय निकायों में चुनाव प्रस्तावित है। उच्चत्तम न्यायालय के आदेश पिछड़ा वर्ग ओबीसी को कितना आरक्षण दिया जाना है। उसके लिए सरकार द्वारा तय कमीशन के अधिकारियों द्वारा बैठक का आयोजन किया। जिसमें लोगों ने अन्य पिछड़ा जाति को आरक्षण देने के सुझावों को रखा। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग के उत्थान को काम करने वाले जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर समस्याओं का पत्र भी मौके पर सौंपा। जिसपर जल्द निराकरण की बात उपस्थित अधिकारियों द्वारा दी गई। इस मौके पर डीपीआरओ आरएस गुंजयाल, एबीडीओ कर्णप्रयाग पीसी मैखुरी, एडीओ सुरेश चंद्र, नगर पालिका गौचर के ईओ जेपी उनियाल कर्णप्रयाग के गुरूदीप आर्य, सुरेन्द्र सिह, विपिन सेमवाल सहित कर्णप्रयाग नगर पालिका सभासद और विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। (एजेंसी)

### बैठक 20 अक्टूबर को

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : मेला अधिकारी/उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग कमलेश मेहता ने बताया कि 71वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला 2023 के सफल आयोजन को लेकर 20 अक्टूबर को 3 बजे से जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों, समितियों के पदाधिकारियों, संबधित अधिकारियों को अनुरोध करते हुए नियत तिथि, समय पर बैठक में प्रतिभाग करने कहा है।

### स्मार्ट क्लास की सुविधा देने व वाईफाई सेवाओं में सुधार की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि श्रीनगर की समस्त कक्षाओं में स्मार्ट क्लास की सुविधाएं दिए जाने व बिड़ला एवं चौरास परिसर में वाईफाई की सेवाओं में सुधार सहित अन्य मांगों को लेकर नव निर्वाचित छात्र संघ सचिव आंचल राणा के नेतृत्व में एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल ने कुलसचिव से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने छात्रों के लिए स्टूडेंट मेल आईडी सुविधा, प्रयोगशालाओं में उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। बिडला परिसर श्रीनगर की छात्रसंघ सचिव आंचल राणा ने कहा कि बीपीएड के छात्र-छात्राओं की आखिरी कक्षा 5 :45 पर समाप्त होती है। कहा कि छात्रों की इस समस्या को देखते हुए उनके लिए शाम 6 बजे बस सुविधा प्रदान की जाए। विवि के चौरास व बिड़ला परिसर श्रीनगर की कई प्रयोगशालाओं में समुचित रुप से उपकरण नहीं हैं, जिनकी व्यवस्था जल्द से जल्द की जाए। उन्होंने बताया कि कुलसचिव ने छात्रों की मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्यवाही का भरोसा दिया है।


## कार्यालय नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल

पत्रांक 226 /कोटेशन/2023-24 दिनांक 18 अक्टूबर 2023

**अति-अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत सतपुली (पौड़ी गढ़वाल) द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना अन्तर्गत निम्न कार्य करने वाले फर्म/कंसल्टेंसी, आदि से कोटेशन पूर्ण विवरण सहित दिनांक 25.10.2023 तक आमंत्रित की जाती है। सशर्त कोटेशन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। प्रत्येक कार्य हेतु कोटेशन अलग-अलग सीलबंद लिफाफे में देनी होगी। कोटेशन के साथ रू 100.00 का स्टाम्प रसीदी टिकट सहित तथा निम्नानुसार धरोहर धनराशि NSC/FDR/CDR के रूप में अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत सतपुली के नाम पर बंधक कर जमा करनी होगी। कोटेशन तिथि को अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निर्धारित तिथि मानी जायेगी। कार्यों का विवरण निम्नवत है।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | धरोहर राशि | शर्ते |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत सतपुली में पुराने पड़े हुए कूड़े के विस्तृत परियोजना रिपोर्ट DPR (Detailed Project Report of Legacy Waste) बनाए जाने का कार्य। | 2,000.00 | 1. उत्तराखण्ड में कम से कम दो नगर निगम/निकाय/पंचायत में कार्य करने का कार्यादेश संलग्न करना आवश्यक है। 2. 45 दिन के अन्दर पंचायत को DPR की कॉपी उपलब्ध करानी होगी। 3. आगणन कंदूर और टोपोग्राफी सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर होना चाहिए। 4. आगणन CPCB and MSW Rule 2016 गाइडलाइन के अनुसार होना चाहिए। |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल — अध्यक्षा, नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल

सम्पादकीय

# कर्मचारियों को राहत, आम आदमी मायूस

दीपावली से पहले केंद्र सरकार ने अपने सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का तोहफा दिया है। सरकार की ओर से महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 4% का इजाफा किया गया है। इससे केंद्र सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को लाभ होगा एवं उन्हें अब वेतन व पेंशन बढ़कर मिलेगी। महंगाई भत्ते की बड़ी हुई दरों को लेकर सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है तो वहीं कर्मचारी अभी भी पूरी तरह से संतुष्ट नजर नहीं आ रहे हैं। एक तरफ तो अब यह भी चर्चा होने लगी है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार केंद्रीय कर्मचारियों एवं रेलवे कर्मियों को संतुष्ट करने का प्रयास कर रही है। महंगाई राहत एवं भत्ते में वृद्धि के साथ ही डीए की मौजूदा दर 42 से 46 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसके बाद जनवरी 2024 में भी अगर महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई तो वह दर 50 प्रतिशत हो जाएगी। इस बढ़ोतरी से केंद्रीय कर्मचारियों को जरूर फायदा होगा लेकिन आम व्यक्ति के लिए, जिसके पास केंद्र एवं राज्य सरकार की शासकीय नौकरियों नहीं है उनके लिए सरकार की ओर से दिवाली पर क्या कोई राहत की घोषणा की जा रही है। बात पेट्रोल की कीमत को लेकर हो या फिर एलपीजी सिलेंडर को लेकर, आज भी इन दोनों पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत काफी अधिक मानी जाती हैं। इसके अतिरिक्त खाद्य पदार्थों की कीमतें भी कम होनी चाहिए ताकि आम व्यक्ति की रसोई एवं जब पर अतिरिक्त भार न पड़े। केंद्रीय कर्मचारियों के द में बढ़ोतरी का लाभ लगभग एक करोड़ कर्मचारियों को होगा लेकिन ऐसे लोगों की संख्या कई करोड़ में है जिन्हें दिवाली हो या फिर कोई दूसरा पर्व महंगाई से राहत में कोई मदद नहीं मिलती। सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई राहत है तो फिर आम व्यक्ति के लिए राहत का पैमाना सरकार ने क्या चुना है? क्या त्यौहार केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए ही है, क्या महंगाई से राहत की जरूरत उन कर्मचारियों को है जो नियत तिथि पर मोटी–मोती तनखा ले रहे हैं। सरकार को इस दिशा में गंभीरता से चिंतन करना चाहिए की महंगाई राहत केवल चंद कर्मचारियों के लिए नहीं बल्कि देश के हर उस नागरिक के लिए होनी चाहिए जो महंगाई एवं दूसरी समस्याओं से जूझ रहा है। आज ही हमारे देश में ऐसे लोगों की संख्या बहुत आयात में है जो महीने के पांच से दस हजार रुपए में अपना परिवार चलने का प्रयास करते हैं। इसी वर्ग को ध्यान में रखकर सरकार को कीमतों में नियंत्रण करना चाहिए। सरकारी कर्मचारी तो 4% अधिक महंगाई भत्ता लेकर भी सरकार के इस फैसले में अधिक बढ़ोतरी की उम्मीद में था। उम्मीद है इस दीपावली पर देश के गैर सरकारी कर्मचारियों के लिए भी केंद्र सरकार कुछ राहत की घोषणाएं करेगी।

# इजराइल–हमास जंग से गड़बड़ाया अमेरिकी गणित




**श्रुति व्यास**

अभी पिछले महीने तक पूरी दुनिया एक नए समझौते की उम्मीद में झूम रही थी। दुनिया के एक हिस्से में बेशक जंग चल रही थी मगर दूसरे हिस्से में अमन की एक नई सुबह की लालिमा क्षितिज पर दिखलाई दे रही थी। इजराइल और सऊदी अरब के बीच शांति समझौते को आकार देने में अमेरिका मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था। ऐसा लग रहा था कि जल्दी ही एमबीएस और बीबी हमें एक मंच पर दिखेंगेझ एक दूसरे से हाथ मिलाते हुए, मुस्कुराते हुए और फोटोग्राफरों के लिए पोज देते हुए। और यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नए अध्याय का आगाज होता। जैसा कि जैक सुलिवान ने 29 सितम्बर को कहा था, 'मध्य–पूर्व में जितनी शांति अभी है, उतनी पिछले दो दशकों में कभी नहीं रही'। और सात अक्टूबर तक सचमुच मध्य–पूर्व में अमन–चैन का माहौल था।

फिर सात अक्टूबर को हमने अचानक पाया कि मध्य–पूर्व की जंग, यूक्रेन की पुरानी और ताइवान के मुद्दे पर संभावित नई जंग के कहीं ऊपर ट्रेंड कर रही है।

इस सबका एक निहितार्थ तो यह है कि वाशिंगटन की मध्य–पूर्व रणनीति धराशायी हो चुकी है और जो बाइडेन की चुनावी राह में कांटे बो दिए हैं (इस पर ज्यादा बात बाद में)। इजराइल मोहल्ले के उस दादा की तरह व्यवहार कर रहा है जो अपने अपमान का बदला लेने पर उतारू है। इसका एक और नतीजा यह हुआ है कि अमेरिका और इजराइल एक–दूसरे के नजदीक आ गए हैं और इजराइल और सऊदी अरब के बीच शांति समझौते की बात लम्बे अरसे के लिए ठंडे बस्ते में डाल दी गई है। बाइडेन ने फिलस्तीन की समस्या के हल के लिए दोराष्ट्र का जो फार्मूला प्रस्तावित किया था, उसका कोई नामलेवा भी नहीं बचा है। अमेरिका और ईरान के संबंधों में बेहतरी की उम्मीद खत्म हो गई है। और अगर बाइडेन चाहते थे कि मध्य–पूर्व से फुरसत पाकर वे उनके देश और रूस और विशेषकर चीन के बीच दुनिया का चौधरी बनने की दौड़ पर ज्यादा ध्यान दे सकें, तो वह अब मुमकिन नहीं रह गया है।

एक 'नया मध्य–पूर्व', जिसमें सभी देश शांति और परस्पर प्रेमभाव से रहें, के आकार लेने की उम्मीदें धूल में मिल चुकी हैं। एक नए अध्याय की शुरुआत तो दूर की बात रही, मध्य–पूर्व रिवर्स गियर में चला गया हैझ खून–खराबे, अविश्वास और अदावत के पुराने दौर में। हमास के हमले पर कुछ अरब देश और मुसलमानों का एक तबका तालियां बजा रहा है। जाहिर है कि जब इजराइल बदले की कार्रवाई करेगा, तो ये लोग खुश नहीं होंगे। अरब देशों के शासकों को यह डर सता रहा है कि इस घटनाक्रम के चलते उनके देश की जनता में असंतोष न भड़क उठे। कई लोगों का तो यह मानना है कि इजराइल पर हमला इस समय इसलिए किया गया ताकि इजराइल और सऊदी अरब के बीच सम्बंध सामान्य करने की कवायद को रोका सकें और यह भी कि इसके पीछे ईरान है।

पिछले महीने तक सऊदी अरब, इजराइल के साथ बेहतर सम्बंध स्थापित करने के प्रति काफी उत्साहित नजर आ रहा था। पर अब सब कुछ बदल गया है। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने हमास के हमले के लिए 'लम्बे समय से जारी कब्जे, फिलस्तीनी लोगों को उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित किए जाने और फिलस्तीनियों के लिए पवित्र और अहम स्थानों के खिलाफ योजनाबद्ध भड़काने वाली कार्यवाहियों' को जिम्मेदार ठहराया है।

इजराइल प्रतिशोध की आग में जल रहा है। वहां के रक्षा मंत्री येव गैलेंट ने कहा है कि 'हम नरपशुओं से युद्धरत हैं और हमारा व्यवहार इसी के अनुरूप होगा'।

इजराइल और सऊदी अरब के बीच किसी भी प्रकार के समझौते की सम्भावना शून्य हो गई है। अब इजराइल का कोई नेता, फिलस्तीनियों के साथ किसी भी प्रकार की रियायत करने की बात तक नहीं कर सकता और सऊदी अरब, इजराइल के प्रति नरम रुख अपनाने की सोच भी नहीं सकता। और बाइडेन प्रशासन को अहसास है कि एक लम्बे अरसे तक इजराइल–सऊदी समझौते की बात करना भी बेकार होगा।

अमेरिका और बाइडेन के लिए इससे भी बड़ी समस्या है ईरान। रिपब्लिकन कह रहे हैं कि इजराइल पर हमले और बाइडेन की ईरान के प्रति रुख में सीधा सम्बंध है। रिपब्लिकन ईरान पर अधिकतम दबाव बनाये रखने की अमेरिकी नीति को त्यागने के लिए बाइडेन पर हमलावर हैं, विशेषकर इसलिए क्योंकि उन्होंने ईरान में कैद पांच अमेरिकी नागरिकों को रिहा करवाने के लिए उस देश के साथ सौदा किया था। अपने देश में बाइडेन चौतरफा मुसीबतों से घिरे हुए हैं। चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, कांग्रेस पंगु है, सीनेट का स्पीकर नहीं है और नवम्बर में सरकार के शटडाउन का डर बना हुआ है।

शांति की जगह युद्ध ने ले ली है और उम्मीद की जगह हताशा ने। दुनिया को अब दो युद्धों से निपटना है। यूक्रेन का युद्ध, जिसका आज 600वां दिन है, और मध्य–पूर्व की लड़ाई, जो अपने 11वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। एक पुराना श्राप है, जो आशीर्वाद जैसा लगता है, 'मे यू लिव इन इंटेरेस्टिंग टाइम्स'। निश्चित रूप से हम दिलचस्प दौर में जी रहे हैं। मगर यह दौर, भयावह अनिश्चितता और त्रासदी का दौर भी है।

पिछले महीने तक सऊदी अरब, इजराइल के साथ बेहतर सम्बंध स्थापित करने के प्रति काफी उत्साहित नजर आ रहा था। पर अब सब कुछ बदल गया है। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने हमास के हमले के लिए 'लम्बे समय से जारी कब्जे, फिलस्तीनी लोगों को उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित किए जाने और फिलस्तीनियों के लिए पवित्र और अहम स्थानों के खिलाफ योजनाबद्ध भड़काने वाली कार्यवाहियों' को जिम्मेदार ठहराया है।
इजराइल प्रतिशोध की आग में जल रहा है। वहां के रक्षा मंत्री येव गैलेंट ने कहा है कि 'हम नरपशुओं से युद्धरत हैं और हमारा व्यवहार इसी के अनुरूप होगा'।
इजराइल और सऊदी अरब के बीच किसी भी प्रकार के समझौते की सम्भावना शून्य हो गई है। अब इजराइल का कोई नेता, फिलस्तीनियों के साथ किसी भी प्रकार की रियायत करने की बात तक नहीं कर सकता और सऊदी अरब, इजराइल के प्रति नरम रुख अपनाने की सोच भी नहीं सकता। और बाइडेन प्रशासन को अहसास है कि एक लम्बे अरसे तक इजराइल–सऊदी समझौते की बात करना भी बेकार होगा।

# बिना चेहरे के लड़ रही भाजपा

**हरिशंकर व्यास**

भाजपा पिछले 20 साल में पहली बार राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बिना मुख्यमंत्री का चेहरा प्रोजेक्ट किए चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने पहली बार 2003 में राजस्थान और मध्य प्रदेश में सीएम का दावेदार पेश करके चुनाव लड़ा था। राजस्थान में वसुंधरा राजे और मध्य प्रदेश में उमा भारती को मुख्यमंत्री का दावेदार घोषित किया गया था। उस चुनाव में भाजपा तीनों राज्यों में भारी बहुमत से जीती। चुनाव के बाद राजस्थान में वसुंधरा, मध्य प्रदेश में उमा भारती और छत्तीसगढ़ में रमन सिंह मुख्यमंत्री बने। उसके बाद के सभी चुनाव भाजपा ने सीएम का चेहरा पेश करके ही लड़ा। राजस्थान में तो पिछले 20 साल से वसुंधरा और छत्तीसगढ़ में रमन सिंह चेहरा रहे। मध्य प्रदेश में 2008 से लगातार तीन चुनाव में शिवराज सिंह चौहान चेहरा रहे हैं।

इस तरह भाजपा ने 20 साल का रिवाज बदला है। पिछले 20 साल में पहली बार भाजपा किसी एक नेता का चेहरा पेश करने की बजाय सामूहिक नेतृत्व या राष्ट्रीय नेता के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है। यह बहुत जोखिम का मामला है। तभी सवाल है कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह जोखिम क्यों लिया? क्यों किसी नेता का चेहरा प्रोजेक्ट करके चुनाव लड़ने की बजाय अपना चेहरा दांव पर लगाया? ध्यान रहे अगले सात–आठ महीने में लोकसभा का चुनाव होने वाला है उससे पहले इन चुनावों को लोकसभा चुनाव का रिहर्सल माना जा रहा है। इसमें भाजपा ने बड़ा प्रयोग किया है तो



**राजस्थान में वसुंधरा राजे और मध्य प्रदेश में उमा भारती को मुख्यमंत्री का दावेदार घोषित किया गया था। उस चुनाव में भाजपा तीनों राज्यों में भारी बहुमत से जीती। चुनाव के बाद राजस्थान में वसुंधरा, मध्य प्रदेश में उमा भारती और छत्तीसगढ़ में रमन सिंह मुख्यमंत्री बने। उसके बाद के सभी चुनाव भाजपा ने सीएम का चेहरा पेश करके ही लड़ा। राजस्थान में तो पिछले 20 साल से वसुंधरा और छत्तीसगढ़ में रमन सिंह चेहरा रहे। मध्य प्रदेश में 2008 से लगातार तीन चुनाव में शिवराज सिंह चौहान चेहरा रहे हैं।**

जाहिर है कि इसके पीछे कोई बड़ा कारण और कोई बड़ी योजना होगी।

एक कारण तो यह दिख रहा है कि पिछले कुछ विधानसभा चुनावों में भाजपा के प्रादेशिक क्षत्रप बुरी तरह से पिटे हैं। भाजपा ने इस साल मई में कर्नाटक में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के चेहरे पर चुनाव लड़ा। पार्टी ने बीएस येदियुरप्पा को हटा कर बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाया था और एक बड़े लिंगायत नेता के तौर पर उनको पेश किया था। लेकिन उनकी तीन साल की एंटी इन्कम्बैंसी पार्टी को ले डूबी। भाजपा वहां बुरी तरह से चुनाव हारी।

उससे पहले पिछले साल के अंत में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में भी चुनाव हुए थे। हिमाचल प्रदेश में भाजपा ने जयराम ठाकुर के चेहरे पर चुनाव लड़ा, जो लगातार पांच साल मुख्यमंत्री रहे थे और वहां भी पार्टी चुनाव हार गई। इससे उलट गुजरात में भाजपा ने चुनाव से पहले विजय रूपानी को हटा कर दो बार के विधायक और निराकार चेहरे वाले भूपेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री बनाया था और चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह प्रयोग उत्तराखंड में भी सफल हुआ था, जहां ऐन चुनाव से पहले दो मुख्यमंत्री बदले गए और अपेक्षाकृत नए नेता पुष्कर धामी को सीएम बना कर पार्टी चुनाव लड़ी और रिवाज तोड़ कर लगातार दूसरी बार जीत गई।

तभी हो सकता है कि मोदी और शाह ने यह सोचा कि जो चेहरे 2003 से राज्य में भाजपा का चेहरा रहे हैं उनसे लोग ऊबे होंगे और इसलिए उनका चेहरा हटा कर चुनाव लड़ा जाए। यह भी हो सकता है कि दोनों नेताओं के हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व के मुद्दे पर बहुत भरोसा हो और उनको लगा हो कि नरेंद्र मोदी अपने चेहरे और अमित शाह अपने प्रबंधन से इन राज्यों में चुनावी नैया पार लगा देंगे।

# दिल और दिमाग को स्वास्थ्य रखने के लिए जानें कौन सा कुकिंग ऑयल अच्छा होता है एक्सपर्ट के अनुसार



हम सभी जानते हैं कि हमारे शरीर के लिए दिल और दिमाग का स्वस्थ होना कितना जरूरी है. आजकल की व्यस्त लाइफस्टाइल और अनहेल्दी खानपान की वजह से दिल और दिमाग संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं. ऐसे में अपने दिल और दिमाग का खास ख्याल रखना जरूरी है.कुकिंग ऑयल में मौजूद वसा अम्ल दिल और दिमाग के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है. जिन तेलों में ओमेगा–3 वसा अम्ल पाए जाते हैं जो कोलेस्ट्रॉल कम करने और रक्त प्रवाह को बेहतर बनाने में मदद करते हैं. इन तेलों का उपयोग कर दिल और दिमाग को स्वस्थ रखा जा सकता है.आइए हम जानते हैं कि कौन से कुकिंग ऑयल हमारे दिल और दिमाग के लिए सबसे अच्छे होते हैं.

कैसे चुनाव करें कुकिंग ऑयल का

एक्सपर्ट के अनुसार कुकिंग ऑयल का चुनाव करते समय यह बेहद जरूरी है कि हम इस बात का ध्यान रखें कि वह हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो. अक्सर हम बाजार में मिलने वाले सस्ते ऑयल का इस्तेमाल करते हैं बिना यह जाने कि वह कितना अनहेल्दी है.कुकिंग ऑयल में मौजूद वसा अम्लों की मात्रा और गुणवत्ता बहुत मायने रखती है. ऑयल में एमयूएफ़ए और पीयूएफ़ए जैसे असैचुरेटेड फैट्स की अधिक मात्रा होनी चाहिए, विशेष रूप से ओमेगा–3 पीयूएफ़ए जो हृदय स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं.साथ ही ऑयल को ज्यादा गर्म नहीं करना चाहिए नहीं तो उसमें हानिकारक रसायन बन सकते हैं. सही कुकिंग ऑयल का चुनाव करना जो हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो, बेहद जरूरी है. हमें कीमत से ज्यादा इस बात पर ध्यान देना चाहिए.

दिल और दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए ये तेल करें इस्तेमाल

* ऑलिव ऑयल – ओलीव ऑयल में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड्स पाए जाते हैं जो दिल और दिमाग के लिए फायदेमंद होते हैं.

* बादाम का तेल – बादाम के तेल में ओमेगा–3 और ओमेगा–6 फैटी एसिड्स पाए जाते हैं जो दिल और दिमाग को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं.

* कनोला तेल – कनोला तेल में ओमेगा–3 फैटी एसिड्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं.* सरसों का तेल – सरसों के तेल में भी ओमेगा–3 फैटी एसिड्स पाए जाते हैं जो दिल और दिमाग को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं.

# भूख का गहराता सवाल

उपभोग के घटते स्तर, प्रति व्यक्ति अनाज की घटती उपलब्धता, और आम पोषण की कमी का नतीजा लंबाई की तुलना में कम वजन, उम्र की तुलना में कम लंबाई और रक्तक्षीणता से ग्रस्त महिलाओं–बच्चों की संख्या बढने् के रूप में सामने आ रहा है।

आज चूंकि वैश्विक स्तर पर जारी होने वाले लगभग हर सूचकांक को भारत सरकार उसे तैयार करने की विधि पर सवाल उठाते हुए खारिज कर देती है, इसलिए अब उसके एतराज को खुद भारत में भी बहुत से लोग अब गंभीरता से नहीं लेते। गौरतरलब है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स (वैश्विक भूख सूचकांक) तैयार करने वाली संस्थाओं– आयरलैंड की कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी की वेल्ट हंगरहाइफ ने भारत सरकार की आपत्तियों को बिंदुवार खारिज करते हुए कहा है कि उसकी रिपोर्ट 125 देशों के बारे में है, लेकिन उस पर एतराज सिर्फ भारत ने जताया। जिन आंकड़ों के आधार पर उन्होंने सूचकांक में भारत को 111वे स्थान पर रखा, उनके स्रोत उन्होंने सार्वजनिक कर दिए हैं। और उनमें ज्यादातर आंकड़े खुद भारत सरकार के हैं। फिर दोनों संस्थाओं ने कहा है कि वह अपनी रिपोर्ट 2006 से जारी कर रही है, जिसकी पहले समकक्ष संस्थाओं के विशेषज्ञ समीक्षा करते हैं। इसीलिए कभी उसकी रिपोर्ट विवादास्पद नहीं रही। दरअसल, भारत में रहने वाले लोगों का आम तजुर्बा भी वही है, जो यह रिपोर्ट हमें बता रही है।

देश में उपभोग के घटते स्तर, प्रति व्यक्ति अनाज की घटती उपलब्धता, और आम पोषण की कमी का नतीजा लंबाई की तुलना में कम वजन, उम्र की तुलना में कम लंबाई और रक्तक्षीणता से ग्रस्त महिलाओं और बच्चों की संख्या बढने् के रूप में सामने आ रहा है। सरकार ऐसी रिपोर्टों का खंडन करने के लिए उन कल्याण योजनाओं का तर्क देती है, जो उसने वंचित तबकों के लिए चला रखी हैं। विकास अर्थव्यवस्था की भाषा में इसे इनपुट कहा जाता है।

जबकि ज्यादा विश्वसनीय रिपोर्टें आउटपुट के आधार पर तैयार की जाती हैं। यानी जो अंतिम परिणाम मौजूद है, इनमें उस पर ध्यान दिया जाता है। वैसे भी जब तक लोगों के पास स्थायी रोजगार और परिवारों के पास स्थिर आमदनी का जरिया नहीं हो, सरकारी योजनाएं लोगों को बस जिंदा रख सकती हैं, उन्हें स्वस्थ एवं खुशहाल जिंदगी नहीं दे सकतीं। यह सरकार के लिए आत्म–मंथन का सवाल है कि क्या भारतीय अर्थव्यवस्था देश की बहुसंख्यक आबादी को ऐसी जिंदगी का आधार पर उपलब्ध करवा रही है?

# आंख फडक़ने का लॉजिक जानते हैं आप शुभ–अशुभ से नहीं इस चीज की कमी से बार–बार होता है ऐसा

हमारे यहां आंख फडक़ना अच्छा या बुरा माना जाता है. इसे लेकर कई मान्यताएं हैं. माना जाता है कि पुरुष की दायीं आंख और महिलाओं की बायीं आंख फडक़ना शुभ होता है. अगर आपकी आंख बार–बार फडक़ती है तो इस पर ध्यान देने की जरूरत है. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, शरीर में मैग्नीशियम की कमी से आंख बार–बार फडक़ती है.

मैग्नीशियम हड्डियों को मजबूत बनाने और मांसपेशियों के लिए काफी महत्वपूर्ण मिनरल है. दिल की सेहत के लिए भी मैग्नीशियम जरूरी है. बॉडी में मैग्नीशियम की कमी से आंख फडक़ने के कई प्रॉब्लम्स हो सकती हैं. जो सेहत के लिए ठीक नहीं मानी जाती है. आइए जानते हैं शरीर में मैग्नीशियम की कमी का संकेत क्या होता है...

मैग्नीशियम की कमी और आंख फडक़ना

मैग्नीशियम शरीर के मसल्स को रिलैक्स करने में मदद करते हैं. जब बॉडी में इस मिनरल की कमी होती है तो मसल्स का स्ट्रेस बढ़ जाता है और आंख फडक़ने की समस्या होने लगती है. जिसे अक्सर शुभ और अशुभ से जोड़ा जाता है.

सिरदर्द की समस्या

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर शरीर में जरूरत के हिसाब से मैग्नीशियम नहीं पहुंच पाता है तो आंख फडक़ने के अलावा सिरदर्द की समस्या होती है. बार–बार सिर में तेज दर्द महसूस होता है. ऐसे लक्षण दिखने पर डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए.

भूख की कमी और कमजोरी

मैग्नीशियम की कमी से शरीर कमजोर और थकान महसूस कर सकता है. इसकी कमी होने से भूख में भी कमी आ जाती है. जिससे उल्टी होने और खाना न खाने का मन करने जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

पैरों में ऐंठन

मिनरल्स मांसपेशियों को दुरुस्त बनाने का काम करते हैं. शरीर में मैग्नीशियम की कमी होने पर पैरों में ऐंठन और मरोड़ महसूस हो सकता है. रात में सोते समय पैरों में ऐंठन होना मैग्नीशियम की कमी का एक लक्षण हो सकता है.

कब्ज की समस्या

मैग्नीशियम शरीर के आंतों में पानी की मात्रा को बढ़ाने में मददगार होता है. इससे पाचन प्रक्रिया दुरुस्त बनी रहती है. अगर बार–बार कब्ज की समस्या है तो यह मैग्नीशियम की कमी का इशारा हो सकता है.



## बेंगलुरु में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग, जान बचाने के लिए शख्स ने चौथी मंजिल से लगाई छलांग

**बेंगलुरु ,(एजेंसी)।** बेंगलुरु के कोरामंगला इलाके में बुधवार को एक इमारत की चौथी मंजिल पर आग लग गई। इस आग में एक पब जलकर खाक हो गया। हालांकि, इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के मुताबिक, अग्निशमन बल के आपातकालीन कर्मी मौके पर पहुंच गए हैं और आग बुझा रहे हैं।

कर्मचारी आग को आसपास की इमारतों तक फैलने से रोकने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। आग से खुद को बचाने के लिए चौथी मंजिल पर फंसे एक व्यक्ति ने इमारत से छलांग लगा दी। सौभाग्य से वह एक पेड़ पर जा गिरा और उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मडपाइप हुक्का कैफे की रसोई में गैस रिसाव के कारण आग लगी। कुछ ही समय में आग ने पूरे पब को अपनी चपेट में ले लिया।

कर्मचारी आग से बचने में कामयाब रहे। जैसे ही पब की चादरें और अन्य उपकरण पार्किंग क्षेत्र में गिरे, कुछ दोपहिया वाहनों में भी आग लग गई। यह भी आशंका है कि आग में आठ से दस एलपीजी सिलेंडर फट गए, जिससे इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस इमारत में एक कार शोरूम भी है। सद्दुगुंटेपाल्या पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बीकानेर में 12 वर्षीय छात्र की दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद मौत

**जयपुर ,(एजेंसी)।** राजस्थान के बीकानेर में निजी स्कूल का एक छात्र दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्कूल प्रबंधन ने छात्रों को दौड़ के लिए पास के भ्रमण क्षेत्र में भेजा था, जहां दौडने के बाद ईशान बेहोश हो गया।

शिक्षक उसे तुरंत पीबीएम अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि छात्र की मौत दिल का दौरा पडने से हुई। इस संबंध में उनके पिता अशोक कुमार खत्री ने सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वल्लभ गार्डन निवासी ईशान यहां सार्दुलगंज स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ता था।

स्कूल से कुछ दूरी पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए पैदल पथ बनाया गया है और मंगलवार को वहां स्कूल की ओर से एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा था।दौड़ पूरी करने के बाद ईशान बेहोश हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। लेकिन तब तक ईशान की मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र को विदेशी से भी मिल सकेगा फंड, गृह मंत्रालय ने दी अनुमति

**अयोध्या ,(एजेंसी)।** अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए विदेशी स्रोतों से चंदा प्राप्त करने की अनुमति केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दे दी गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चंदा दिल्ली में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में न्यास के बैंक खाते में जमा कराया जा सकता है।

चंपत राय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम 2010 के अंतर्गत स्वैच्छिक योगदान पाने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के एफसीआरए विभाग ने मान्यता प्रदान कर दी है।

## कुरुक्षेत्र: विदेश नीति तटस्थ, पर घरेलू राजनीति में घमासान

# इस्राइल—फलस्तीन मामले में वोट बैंक की सियासत हावी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के किसी भी हिस्से में कोई ऐसी घटना हो जिसमें मुसलमानों की कोई भूमिका हो उसका असर कहीं और पड़े न पड़े, लेकिन भारत की घरेलू राजनीति पर जरूर पड़ता है।अमेरिका में अलकायदा के आतंकवादी नौ ग्यारह का हमला करते हैं तो उसकी आंच भारत में महसूस होती है। इराक लीबिया, अफगानिस्तान, सीरिया कहीं भी अमेरिकी फौजें हमला करती हैं, बारूद की गंध भारत तक महसूस होती है।आईएसआईएस का आतंकवादी कहर इराक से लेकर खाड़ी के दूसरे देशों में पहुंचता है, तनाव भारत में भी देखा जाता है।

अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी होती है, सिहरन भारत में महसूस होती है और अब इस्राइल पर हमास के भीषण हमले और प्रतिक्रिया में इस्राइल की उतनी ही भीषण सैनिक कार्रवाई ने भी भारतीय राजनीति को गरम कर दिया है। भीतर ही भीतर देश दो खेमों में बंटता दिख रहा है। अखबारों में बयानों और सोशल मीडिया पर नजर डालें तो एक पक्ष इस्राइल के साथ डट कर खड़ा है तो दूसरा पक्ष फलस्तीन का नाम लेकर हमास के हमले पर तो खामोश है, लेकिन गाजा पर इस्राइली हमले के खिलाफ है।

क्या समाज और क्या राजनीति, सब बंटे हुए हैं। विदेश नीति के किसी मुद्दे पर ऐसा बंटवारा पहले कम ही देखा गया है। भले ही खाड़ी क्षेत्र में गाजा के पास वेस्ट बैंक हो, लेकिन भारत में इस मुद्दे पर वोट बैंक की राजनीति हावी है, जबकि इस्राइल गाजा का वर्तमान संकट राजनीति और कूटनीति से परे नितांत मानवीय संकट है। हाल ही में गाजा में अल आहिली अस्पताल पर हुए हमले के बाद विश्व जनमत की प्रतिक्रिया ने इस्राइल को असहज कर दिया है और उसे बचाव की मुद्रा में आना पडा।

इस हमले में सैकड़ों लोगों के मारे जाने की खबर है और इससे नाराज अरब देशों ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ होने वाली अपनी बैठक रद्द कर दी। भारत ने भी इस घटना को लेकर दुख जताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर गहरा अफसोस जताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी और घायलों के जल्दी स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान में जारी संघर्ष में नागरिकों की मौत गंभीर चिंता का विषय है। इसमें जो भी शामिल हैं, उन्हें इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान से भारत में भी इस्राइली कार्रवाई के अंध समर्थकों को झटका लगा है और एक बार फिर भारत की तटस्थ नीति और हर तरह की हिंसा के खिलाफ उसके सतत रुख की बात साबित हुई है।

जब हमास ने इस्राइल की अभेद्य सुरक्षा प्रणाली, अचूक खुफिया तंत्र और अपराजेय सैन्य शक्ति को धता बताते हुए अचानक इस्राइल पर ऐसा भीषण हमला किया, जो सबकी कल्पना से परे था और जिसमें यहूदी त्योहार मना रहे सैकड़ों निर्दोष इस्राइली नागरिकों की बेरहमी से हत्या की गई, महिलाओं और बच्चों के साथ दरिंदगी हुई और अनेक नागरिकों जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं को बंधक बना लिया गया।

इस हमले ने इस्राइल और अमेरिका समेत पूरे पश्चिमी जगत को हिला दिया और उनका पूरा समर्थन इस्राइल को मिल गया। इस घटना का असर शेष विश्व में भी देखा गया और अनेक देशों ने हमास के आतंकवादी हमले की घोर निंदा की। यहां तक कि आजादी के बाद से लगातार फलस्तीन के आंदोलन का समर्थन करने वाले भारत ने भी अपनी पहली प्रतिक्रिया में इस्राइल के साथ एकजुटता दिखाई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संकट की इस घड़ी में भारत पूरी तरह से इस्राइल के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन पर भारत के समर्थन का भरोसा दिया। नेतन्याहू ने मोदी को फोन करके हमास हमले के बारे में विस्तार से जानकारी दी थी।

उधर इस्राइल पर हमले और जवाब में गाज़ा पर इस्राइली बमबारी और सैनिक कार्रवाई पर देश के प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने अपनी कार्यसमिति की बैठक में जो प्रस्ताव पारित किया उसमें फलस्तीन के साथ अपनी एकजुटता तो प्रदर्शित की, लेकिन हम्मास के हमले की न कोई निंदा की गई और न ही उसका जिक्र किया गया।

प्रस्ताव में कहा गया कि भारत की नीति शुरू से ही एक संप्रभु और स्वतंत्र फलस्तीन की स्थापना के पक्ष में रही है और कांग्रेस इस नीति का समर्थन करते हुए फलस्तीन की जनता की मांग के साथ है।कांग्रेस के इस प्रस्ताव और इस्राइल को मोदी के समर्थन ने देश में नई बहस को जन्म दे दिया। देश वैचारिक रूप से दो हिस्सों में बंट गया। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री के रुख का समर्थन करते हुए यह कहते हुए कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया कि जब भारत सरकार हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ है तब कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति करते हुए आतंकवादी संगठन हमास के साथ खड़ी है।

उधर कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस्राइल को एकतरफा समर्थन




की घोषणा को भारत की पश्चिम एशिया में भारतीय विदेश नीति के अब तक के रुख के उलट बताते हुए आलोचना की, लेकिन जल्दी ही दोनों ही पक्षों ने संतुलन साधा। प्रधानमंत्री मोदी के बयान के दो दिन बाद विदेश मंत्रालय ने बयान जारी किया कि इस्राइल फलस्तीन विवाद पर भारत की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है और भारत इस्राइल के साथ फलस्तीन के स्वतंत्र अस्तित्व और देश की स्थापना की अपनी मांग पर कायम है। साथ ही भारत हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ है।

उधर मीडिया और सोशल मीडिया में आई आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं के बाद कांग्रेस ने भी संतुलन साधा और कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस्राइल पर हमास के हमले को गलत बताते हुए उसकी निंदा की। इस मुद्दे पर राजनीति की रोटियां हर तरफ सेंकी जाने लगी हैं। जो इस्राइल पर हमास के हमले की निंदा कर रहे हैं वो गाजा पर इस्राइली बमबारी और निर्दोष नागरिकों पर सैनिक कार्रवाई पर चुप हैं और जो गाजा पर इस्राइली हमले को इंसानियत के खिलाफ बता कर जुलूस निकाल रहे हैं वो हमास की बर्बरता पर खामोश हैं।

## कांग्रेस में गाली खाने की भी 'पावर ऑफ अटॉर्नी', कमलनाथ ऐसा काम करते ही क्यों हैं: शिवराज



**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को गाली खाने की 'पावर ऑफ अटॉर्नी' दिए जाने संबंधित बयान पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि कमलनाथ ऐसा काम ही क्यों करते हैं कि उन्हें गाली खानी पड़े। शिवराज चौहान ने यहां पार्टी से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि कमलनाथ ने दिग्विजय सिंह को गाली खाने की पावर ऑफ अटॉर्नी दे रखी है। कांग्रेस में गालियां खाने की पावर ऑफ एटॉर्नी भी दी गई है। इस बात का खुलासा स्वयं कमलनाथ ने किया है। वे ऐसा काम ही क्यों करते हैं कि गाली खाना पड़े। अगर गाली खाना पड़े तो खुद ना खाएं, दूसरे को पावर ऑफ एटॉर्नी दे दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे ही सरकार चलाने की पावर ऑफ अटॉर्नी भी कमलनाथ ने दिग्विजय सिंह को ही दे रखी थी। पहले भी बंटाधार हुआ और आज भी बंटाधार ही हो रहा है। जब दिग्विजय सिंह ने सरकार चलाई उस समय जो मध्यप्रदेश की दुर्गति हुई वह जनता को पता है। कमलनाथ ने कल कांग्रेस के एक कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक मंच से कहा था कि उन्होंने बहुत पहले गाली खाने की पावर ऑफ एटार्नी दिग्विजय सिंह को दी थी, जो आज तक वैलिड है।

# जो बाइडेन ने की इजरायली लोगों की बहादुरी की प्रशंसा, बोले– समर्थन में खड़ा रहेगा अमरीका

**यरुशलेम, एजेंसी।** अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है अमरीका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि यहां से क्या होगा, इसके बारे में मैं चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि इजरायली लोगों का साहस, प्रतिबद्धता और बहादुरी 'आश्चर्यजनक' है, "मुझे यहां होने पर गर्व है।" जो बाइडेन ने कहा कि उन्होंने यह दिखाने के लिए इज़रायल का दौरा किया कि इस संघर्ष में अमरीका कहां खड़ा है। जो बाइडेन ने कहा कि हमला सात अक्तूबर को हमास द्वारा किए गए नरसंहार का वर्णन करता है। उन्होंने कहा कि यह कहना अतिशयोक्ति नहीं है कि हमास ने 31 अमरीकीयों सहित 1,300 लोगों की हत्या की।

उन्होंने कहा कि वह बच्चों सहित इज़रायली बंधकों के बारे में भी सोचते हैं। उन्होंने कहा, "कल्पना कीजिए कि हमास से



छुपे हुए वे बच्चे क्या सोच रहे थे यह मेरी समझ से परे है।" उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा, "अमरीका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा: यहां से क्या होगा, इसके बारे में मैं चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं।" उन्होंने कहा, "इजरायली लोगों का साहस, प्रतिबद्धता और बहादुरी 'आश्चर्यजनक'' है। मुझे यहां होने पर गर्व है।" बाइडेन ने गाजा में कल रात हुए अस्पताल विस्फोट पर इज़रायल के प्रधानमंत्री से कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह दूसरी टीम द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा,"इस घटना से उन्हें गहरा दुःख और आक्रोश है।"

उन्होंने कहा,"मैंने जो देखा है उसके आधार पर ऐसा प्रतीत होता है जैसे यह दूसरी टीम द्वारा किया गया था, आपने नहीं। लेकिन वहाँ बहुत सारे लोग हैं जो निश्चित नहीं हैं, इसलिए हमें बहुत सी चीज़ों पर काबू पाना होगा।" नेतन्याहू ने कहा,"सभ्य दुनिया को हमास को हराने के लिए एकजुट होना चाहिए। उसी तरह जैसे उसने आईएसआईएस से मुकाबला करते समय किया था।" इजरायल के प्रधानमंत्री ने कहा,"हम हमास को हरा देंगे और इस भयानक खतरे को अपने जीवन से दूर कर देंगे। यह सिर्फ हमारे देश के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए है।"

उन्होंने जो बाइडेन को 'सच्चा दोस्त' कहा और युद्ध के दौरान इज़रायल का दौरा करने के उनके गहराई से आगे बढ़ने वाले निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा,"मुझे पता है कि जब मैं आपको धन्यवाद कहता हूं तो मैं इज़रायल के लोगों के लिए बोलता हूं।" श्री नेतन्याहू ने श्री बाइडेन की 'नैतिक स्पष्टता' की प्रशंसा की। श्री नेतन्याहू पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने इज़रायल के समर्थन और नैतिक स्पष्टता के लिए श्री बाइडेन को धन्यवाद दिया है।अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा कुछ दिन पहले लिखे गए एक ट्वीट से सहमत होने से पहले श्री बाइडेन से कहा,"आपने सभ्यता की ताकतों और बर्बरता की ताकतों के बीच एक स्पष्ट रेखा खींची है।"

श्री नेतन्याहू गत सात अक्टूबर को हमास के हमले की तुलना '9/11' के हमले से की हैं। इससे पहले श्री बाइडेन तेल अवीव पहुंचे और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एयर फोर्स वन के पास उनका स्वागत किया और उनसे गले मिले। श्री बाइडेन मगलवार रात गाजा के अल अहली अस्पताल में विस्फोट के बाद फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित अरब नेताओं के साथ एक नियोजित बैठक पहले ही रद्द कर दी गई है।

चीन ने भी फिलिस्तीन में अस्पताल पर 'हमले' की निंदा की है। चीनी विदेश मंत्रालय का कहना है कि वह अस्पताल पर हुए हमले की निंदा करता है , हालाँकि यह स्पष्ट रूप से इज़रायल या फ़िलिस्तीनी आतंकवादियों को दोषी नहीं ठहराता है। एक प्रवक्ता ने कहा,"चीन गाजा में अस्पताल पर हमले से स्तब्ध है और इसकी कड़ी निंदा करता है, जिसमें बड़े पैमाने पर हताहत हुए हैं। हम पीड़ितों के लिए शोक मनाते हैं और घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।" मंत्रालय ने कहा,"चीन तत्काल युद्धविराम और शत्रुता को समाप्त करने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करने और इससे भी बदतर मानवीय आपदा को रोकने का आह्वान करता है।"

## दिल्ली में अब औद्योगिक प्रदूषण पर वार: एक महीने तक चलेगा अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में सर्दी के मौसम में होने वाले वायु प्रदूषण में औद्योगिक प्रदूषण की भी भागीदारी होती है। इससे निपटने के लिए दिल्ली सरकार सख्त हो गई है। औद्योगिक प्रदूषण की रोकथाम के लिए एक महीने तक अभियान चलाया जाएगा, जोकि 20 अक्तूबर से 20 नवंबर तक चलेगा। इसमें औद्योगिक इकाइयों के निरीक्षण के लिए डीपीसीसी और डीएसआईआईडीसी की 66 टीमों की तैनाती की गई हैं।


इस संबंध में बुधवार को दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि औद्योगिक अपशिष्ट की डंपिंग की निगरानी के लिए पेट्रोलिंग टीम तैनात की गई है। इस बैठक में डीपीसीसी, पर्यावरण विभाग,

### निरीक्षण के लिए 66 टीमें की गई हैं तैनात

डीएसआईआईडीसी समेत अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

राय ने बताया कि सर्दी के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 29 सितंबर को 15 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की गई थी। दिल्ली में वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए विंटर एक्शन प्लान के तहत औद्योगिक प्रदूषण पर निगरानी और उसके अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य शुरू हो गया है।

यह सभी 66 टीमें औद्योगिक इकाइयों पर निगरानी रखने और उनके द्वारा प्रदूषण को रोकने के लिए त्वरित कदम उठाने का कार्य करेगी। जिसकी रिपोर्ट



समय–समय पर पर्यावरण विभाग को भेजी जाएंगी। डीपीसीसी की इस टीम को औद्योगिक इकाइयों द्वारा पर्यावरण नियमों के उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश जारी किया गया है।

गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली की 1753 पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में परिवर्तित कर दिया गया है। ऐसे में कोई भी औद्योगिक इकाई पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन करती पाई जाती है, तो उस पर संबंधित विभाग द्वारा उचित और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रांची में नाबालिग आदिवासी बालिका का छह दोस्तों ने किया गैंगरेप, गिरफ्तार

**रांची ,(एजेंसी)।** रांची के इटकी में 15 वर्षीय नाबालिग आदिवासी लडक़ी का उसके छह दोस्तों ने गैंगरेप किया। इनमें पांच लडक़े नाबालिग हैं। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

पांच नाबालिगों को बाल सुधार गृह और एक वयस्क आरोपी को जेल भेजा गया है। पीड़िता रांची के नगड़ी क्षेत्र की रहने वाली है।दोस्त उसे घुमाने के नाम पर पहले ट्रेन से लोहरदगा ले गए। वहां से लौटने के बाद शाम में स्कूटी से इटकी के विंधानी पतरा जंगल ले गए और वहां उसके साथ पूरी रात हैवानियत की गई।लडक़ी बेहोश हो गई तो सभी दोस्त उसे जगल में ही छोडक़र भाग निकले। सुबह होश आने पर पीड़िता ने खुद को अर्धनग्न अवस्था में पाया।उसने किसी तरह थाना पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना बताई।

## आरएसएस मानहानि : राहुल गांधी ने मामले को रद्द करने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया

**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बेंगलुरु की पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के साथ कथित तौर पर आरएसएस को जोडऩे के कारण उनके खिलाफ दायर 2017 के मानहानि मामले को खारिज करने की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया। जस्टिस सारंग कोतवाल के सामने आए इस मामले को 5 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। राहुल ने अपने वकील कुशल मोर के जरिए बोरीवली मजिस्ट्रेट की अदालत के 2019 के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें आरएसएस विचारक और वकील धृतिमान जोशी द्वारा दर्ज कराई गई निजी मानहानि शिकायत को खारिज करने से इनकार कर दिया गया है।

राहुल गांधी ने कहा है कि उन्हें इस मामले में सीपीआई–एम महासचिव सीताराम येचुरी के साथ गलत तरीके से आरोपी बनाया गया था, जिन्होंने कथित तौर पर कर्नाटक में 5 सितंबर, 2017 को गौरी लंकेश की हत्या के बाद एक अलग स्थान और समय पर एक अलग बयान दिया था। उन्होंने तर्क दिया है कि जोशी की शिकायत सीआरपीसी की धारा 218 का उल्लंघन करती है जो अलग–अलग अपराधों के लिए अलग–अलग आरोप निर्धारित करती है,

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पे एण्ड यूज, शौचालय (ओ0 एण्ड एम0) एवं पार्किंग के कार्य को आई.आर.ई.पी.एस के माध्यम से ठेके देने हेतु ई–बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 03.11.2023 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 3251/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर कैटरिंग स्टाल (GMU & SMU) के ठेके देने हेतु ई–बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 03.11.2023 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 3250/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, गतिशक्ति, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदाएं (एकल–पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है:–

| | |
|---|---|
| 1. | **टेंडर सं.** : SnT-GSU-MB-03-2023-24 तारीख : 18.10.2023 |
| 2. | **कार्य का नाम** : "Converting 6 IBH into IBS over Moradabad Division." (मुरादाबाद मंडल में छः (6) आई बी एच को आई बी एस में परिवर्तित करने का प्रावधान।) |
| 3. | **कार्य पूरा करने की अवधि** : 8 (आठ) माह |
| 4. | **विज्ञापित मूल्य** : रु. 6,86,77,129.03/- (छः करोड़ छियासी लाख सतत्तर हजार एक सौ उन्नतिस रुपए तीन पैसा मात्र) |
| 5. | **अग्रिम राशि** : रु. 4,93,400/- (चार लाख तेरान्वे हजार चार सौ रुपए मात्र) |
| 6. | **ऑफर की वैधता** : 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| 7. | **ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख** : निविदा दिनांक 31.10.2023 से 14.11.2023 को 15:00 बजे तक आई. आर. ई. पी. एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। निविदा दिनांक 14.11.2023 को 16:00 बजे खोली जाएगी। |
| 8. | **विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र** : विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा आई. आर. ई. पी. एस. की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 31.10.2023 से 14.11.2023 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। मैन्युअल निविदाएँ स्वीकृत नहीं की जायेंगी।

सं.: Dy.CSTE/GSU/MB/Publication-03/23-24 दिनांक: 18.10.2023 3247/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### बिहार शिक्षा विभाग का नया फरमान

## अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश रद्द

**पटना ,(एजेंसी)।** बिहार शिक्षा विभाग ने एक बार फिर नया फरमान निकाला है, जिसके तहत अधिकारियों और कर्मचारियों की 18 अक्तूबर से अगले आदेश तक सभी छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक ने सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देशित किया है। बताया जाता है कि प्रदेश में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए राज्य मुख्यालय से लेकर जिला और प्रखंड स्तर तक के शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टी बुधवार से अगले आदेश तक रद्द कर दी गई है।

## टिकैत बन्धुओं ने दी 23 अक्टूबर को बड़े आंदोलन की चेतावनी

**मुजफ्फरनगर ,(एजेंसी)।** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि किसान 23 अक्टूबर को आंदोलन के लिए तैयार रहें। मुजफ्फरनगर के मुण्डभर गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ किसान नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। कलम व कैमरे पर बंदूक का पहरा है, इसलिए भारतीय मीडिया की बजाय विदेशी मीडिया में किसान आंदोलन को सही दिखाया जा रहा है। बीकेयू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने विभागीय अधिकारियों पर किसानों के शोषण का आरोप लगाया है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक धरना जारी रहेगा।राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार ने किसानों के खिलाफ वादाखिलाफी की है। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और गन्ने के लिए उच्च एसएपी सहित उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं। इन्हीं मांगों को लेकर किसान सरकार के खिलाफ अपना आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर हुये हैं।

किसान अपनी उपज का पर्याप्त मुआवजा न मिलने से सरकार से बेहद नाखुश हैं। गन्ना उत्पादकों को समय पर उनका बकाया नहीं मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि बीकेयू आने वाले दिनों में हर जिले में विरोध–प्रदर्शन करेगा। बीकेयू नेता ने गरीब किसानों की कीमत पर कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए कदम उठाने के लिए भी केंद्र की आलोचना की।

# शेन बांड ने मुंबई इंडियंस से नाता तोड़ा



मुंबई, पिछले नौ साल से मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच रहे न्यूजीलैंड के पूर्व स्टार तेज गेंदबाज शेन बांड ने इस आईपीएल टीम से नाता तोड़ लिया है ।बांड 2015 में मुंबई टीम से जुड़े थे और उनके गेंदबाजी कोच रहते टीम चार आईपीएल खिताब जीत चुकी है ।उन्होंने मुंबई इंडियंस अमीरात के मुख्य कोच के पद से भी इस्तीफा दे दिया ।उन्होंने टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा , मैं पिछले नौ सत्र में मुंबई इंडियंस परिवार का हिस्सा बनने के लिये अंबानी परिवार को धन्यवाद देता हूं । यह बेहतरीन अनुभव रहा और मैदान के भीतर तथा बाहर काफी अच्छी यादें रही ।उन्होंने कहा , इतने महान लोगों , खिलाड़ियों और स्टाफ के साथ काम करने का मौका मिलना सौभाग्य की बात रही । मुझे उन सभी की कमी खलेगी । भविष्य के लिये शुभकामनायें ।बांड 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जीतने के समय मुंबई इंडियंस के साथ थे ।

मुंबई ने इस साल अगस्त में श्रीलंका के लसिथ मलिंगा को गेंदबाजी कोच बनाया है । वह मुंबई के लिये खेल भी चुके हैं ।

न्यूजीलैंड के लिये 18 टेस्ट, 82 वनडे और 20 टी20 खेल चुके बांड ने मुंबई इंडियंस के युवा गेंदबाजों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई है ।

## पुणे में गेंद से तहलका मचाएंगे बूम–बूम जसप्रीत बुमराह , रिकॉर्ड को चकनाचूर करने पर होगी नजरें




नई दिल्ली, वनडे वर्ल्ड कप 2023 में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में टॉप पर टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नाम मौजूद हैं, जिन्होंने भारत के शुरुआती 3 मैचों में 8 विकेट लेकर शानदार वापसी की। भारत का अब सामना बांग्लादेश से 19 अक्टूबर को पुणे में होना है, जिसमें जीत का चौका लगाकर टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए एक कदम और आगे बढ़ना चाहेगा।

इस मैच में कप्तान रोहित से लेकर जसप्रीत बुमराह तक के पास इतिहास रचने का सुनहेरा मौका है। जसप्रीत बुमराह भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव का एक रिकॉर्ड ध्वस्त करने के करीब हैं। आइए जानते हैं इस रिकॉर्ड के बारे में।

दरअसल, टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने विश्व कप करियर में अब तक 17.84 की शानदार औसत से 26 विकेट झटके हैं और दो बार चार विकेट लेने का कारनामा किया है। वहीं, विश्व कप 2023 में भी बुमराह गेंद से कहर बरपाते हुए विरोधी टीम को जमकर परेशान कर रहे हैं। उन्होंने अब तक इस इवेंट में 8 विकेट लिए हैं।

## दक्षिण अफ्रीका के कोच ने अप्रत्याशित हार के लिये डैथ गेंदबाजी और खराब बल्लेबाजी पर ठीकरा फोड़ा



धर्मशाला, दक्षिण अफ्रीका के कोच रॉब वॉल्टर ने विश्व कप में नीदरलैंड के हाथों 38 रन से अप्रत्याशित हार के लिये डैथ ओवरों में खराब गेंदबाजी और बल्लेबाजी में खराब शुरूआत को दोषी ठहराया है ।नीदरलैंड ने वर्षाबाधित मैच में सात विकेट 140 रन पर गंवाने के बाद आठ विकेट पर 245 रन बनाये । जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 42 . 5 ओवर में 207 रन पर आउट हो गई ।

इससे पहले अफगानिस्तान ने दिल्ली में गत चैम्पियन इंग्लैंड को 69 रन से हराया था ।

वॉल्टर ने मैच के बाद कहा , सात विकेट 140 रन पर लेने के बाद मैच पर नियंत्रण हो जाना चाहिये लेकिन ऐसा नहीं कर पाना निराशाजनक है । उसके बाद से मैच हमारे हाथ से निकल गया ।

उन्होंने कहा, बल्लेबाजी में भी हम 245 रन नहीं बना सके । खराब शुरूआत का हमें खामियाजा भुगतना पड़ा ।उन्होंने कहा कि दो उलटफेर से साबित हो गया कि विश्व कप में किसी टीम को हलके में नहीं लिया जा सकता ।वॉल्टर ने कहा , चार दिन पहले हम बेहतरीन खेल रहे थे लेकिन इस मैच में नहीं खेल सके । विश्व कप से पहले भी मैने कहा था कि टूर्नामेंट में कोई कमजोर टीम नहीं होती । आप किसी को हलके में नहीं ले सकते । हम एक ईकाई के रूप में नाकाम रहे हैं ।

# श्रीलंका के खिलाफ मैच में डीआरएस का फैसला अपने खिलाफ जाने से नाराज वॉर्नर



नयी दिल्ली, आस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप मैच में डीआरएस का फैसला अपने खिलाफ जाने से नाराज और दुखी हैं और उन्होंने व्यवस्था में अधिक जवाबदेही की मांग की है ।

आस्ट्रेलिया ने लखनऊ में यह मैच पांच विकेट से जीता । वॉर्नर को श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने पगबाधा आउट किया था ।वॉर्नर ने कहा , मैने कभी नहीं देखा कि हॉक आई ने बताया हो कि तकनीक कैसे काम करती है । यह सिर्फ टीवी के लिये है ।उन्होंने कहा , उन्हें हमें बताना चाहिये कि यह कैसे काम करती है । इसके बाद हम तय करेंगे कि उन्हें रेफर करना है या नहीं । मैने मैदानी अंपायर से पूछा कि मुझे आउट क्यो दिया गया । उन्होंने कहा कि गेंद पीछे की ओर स्विंग होकर स्टम्प पर लग रही थी । मुझे ऐसा नहीं लगा ।उन्होंने यह भी कहा कि यहां बॉल ट्रैकिंग फैसलों में आस्ट्रेलिया की तुलना में अधिक समय लग रहा है ।उन्होंने कहा, यहां इतना समय लग रहा है कि बल्लेबाज इंतजार करते हुए चिढ जाये ।

## ब्राजील के क्वालीफाइंग मैच में घुटने की चोट के बाद रोते हुए बाहर गए नेमार

मोंटेवीडियो (उरूग्वे), उरूग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में 2 . 0 से मिली हार के दौरान पहले हाफ में घुटने में चोट लगने के कारण ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार रोते हुए मैदान से बाहर गए ।

31 वर्ष के नेमार 44वें मिनट में दौड़ते हुए गिर गए । दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उन्हें घेर लिया जब वह घुटना पकड़कर बैठे थे ।उन्हें जब स्ट्रेचर पर ले जाया गया तो उन्होंने अपने हाथों से चेहरा ढक लिया था । उनकी जगह रिचार्लिसन ने मैच खेला ।

वह बैसाखियों के सहारे स्टेडियम से बाहर गए । ब्राजील के डॉक्टर रौद्रिगो लसमार ने कहा कि अभी यह कहना मुश्किल है कि उनकी चोट किस स्तर की है । उन्होंने कहा, हमने टेस्ट किये हैं और कल फिर करेंगे । इन 24 घंटों में पता चलेगा कि चोट कैसी है ।

# न्यूजीलैंड को हुआ बंपर फायदा, टीम इंडिया को हो गया नुकसान



नई दिल्ली, आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के 16वें मैच में न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को 149 रनों से हराकर टूर्नामेंट की लगातार चौथी जीत हासिल की। मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए शानदार बल्लेबाजी की और फिर बाद में गेंदबाजों ने कहर बरपाते हुए अफगानिस्तान को 139 रन पर समेट दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम ने 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 288 रन बनाए। टीम की तरफ से ग्लेन फिलिप्स ने 71 और कप्तान टॉम लैथम ने 68 रनों की पारी खेली। इसके जवाब में अफगानिस्तान टीम 34.4 ओवर में 139 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड की इस जीत से प्वाइंट्स टेबल में फेरबदल हो गया है। न्यूजीलैंड की टीम पॉइंट्स टेबल पर टॉप पर आ गई है, जबकि भारतीय टीम नंबर–2 पर है। दरअसल, वनडे विश्व कप 2023 के प्वाइंट्स टेबल पर न्यूजीलैंड टीम 4 मैचों में जीत हासिल कर 8 अंक के साथ टॉप पर पहुंच गई है। न्यूजीलैंड की जीत से भारतीय टीम दूसरे स्थान पर 6 अंक के साथ विराजमान है। न्यूजीलैंड ने विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान को हराकर टूर्नामेंट की चौथी जीत हासिल की। इस मैच में जीत हासिल करने के बाद प्वाइंट्स टेबल में भी बड़ा फेरबदल हुआ है। पहले नंबर पर न्यूजीलैंड है, जिन्होंने 4 मैचों में 8 प्वाइंट्स हासिल किए है। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम प्वाइंट्स टेबल पर टॉप से दूसरे स्थान पर खिसक गई। तीसरे स्थान पर साउथ अफ्रीका टीम 4 अंक के साथ मौजूद है। पाकिस्तान टीम 3 मैचों में 4 प्वॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर हैं। इंग्लैंड ने 3 मैच में से 2 मैच में हार का सामना किया है। इंग्लिश टीम इस वक्त पांचवें स्थान पर है। छठे और सातवें नंबर पर क्रमशः बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया टीमें मौजूद है। नीदरलैंड्स आठवें नंबर पर है। जबकि अफगानिस्तान को हार के बाद नुकसान हुआ है। अफगानिस्तान 9वें स्थान पर खिसक गई है, जबकि 10वें पायदान पर श्रीलंका टीम मौजूद है।

# फिल्मी दुनियां

# 100 करोड़ रुपये कमाने की ओर बढ़ रही फुकरे 3, बाकी फिल्मों का हाल–बेहाल



बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कई फिल्मों के बीच टक्कर देखने को मिल रही है, जिसमें फुकरे 3 अपनी बढ़त बनाए हुए है।एक ओर फुकरे 3 की कमाई 100 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है तो बाकी फिल्में अपना कमाल दिखाने में नाकाम साबित हो रही हैं।अब 13 अक्टूबर को राष्ट्रीय सिनेमा दिवस पर शानदार कमाई करने के बाद फिल्मों के कारोबार में गिरावट देखने को मिली है।आइए जानते हैं किस फिल्म ने कितनी कमाई की।फुकरे 3 ने 28 सितंबर को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया था और यह तभी से बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है।हालांकि, अब फिल्म के कारोबार में कमी देखने को मिली है, लेकिन उम्मीद है कि यह जल्द 100 करोड़ क्लब में शामिल होगी। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने 17वें दिन 1.90 करोड़ रुपये कमाए हैं और अब इसका कारोबार 87.79 करोड़ रुपये हो गया है।इसमें वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट, ऋचा चड्ढा और पंकज त्रिपाठी शामिल हैं।

भूमि पेडनेकर की फिल्म थैंक्यू फॉर कमिंग 6 अक्टूबर को रिलीज हुई थी, जिसमें वह एकदम अलग अवतार में नजर आई हैं।हालांकि, करण बूलानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शकों ने सिरे से नकार दिया है और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने अपनी रिलीज के 9वें दिन 43 लाख रुपये कमाए हैं और अब इसका कुल कारोबार 6.13 करोड़ रुपये हो गया है। अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा की फिल्म मिशन रानीगंज बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल दिखाने में नाकाम साबित हो रही है।फिल्म की कहानी को पसंद किया जा रहा है, लेकिन बावजूद इसके यह कमाई में मामले में पिछड़ती जा रही है।

## बदलते रिश्तों की कहानी है नानी की हाय नन्ना फिल्म, टीजर हुआ जारी

तेलुगु सिनेमा स्टार नानी की अपकमिंग फैमिली–ड्रामा फिल्म हाय नन्ना ने अपना ऑफिशियल टीजर जारी कर दिया है। टीजर रिश्तों की बदलती गतिशीलता को दर्शाता है और यह परिवार और प्यार की कहानी है। फिल्म के ज्यादातर डिटेल्स अभी भी सीक्रेट्स रखे गए हैं इसलिए बहुत कुछ स्पष्ट नहीं है। टीजर में नानी और एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर के किरदार के बीच सच्चा प्यार होता दिखाई दे रहा है। हाय नन्ना बदलते रिश्तों के साथ–साथ भावनाएं कैसे विकसित होती हैं, इसकी एक कहानी प्यार, परिवार और सामने आ रही परेशानियों से निपटने की कहानी है। यह पूरा सिनेरियो पीरियड–ड्रामा स्टाइल के सौंदर्यशास्त्र और सोबल म्यूजिक के साथ है। टीजर को काफी सराहना मिल रही है। मूल रूप से एक पिता होने के साथ–साथ फिर से किसी के प्यार में पड़ने की भावनाओं से कैसे निपटना है और इसके परिणाम क्या हो सकते हैं,

# 42 की उम्र में श्वेता तिवारी हुईं बेकाबू, कराया इतना हॉट फोटोशूट



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी को देखकर ऐसा लगता है कि वक्त के साथ और ज्यादा यंग होती जा रही हैं. पिछले कुछ समय से तो श्वेता की हर अदा ने देशभर के लोगों को दीवाना बना रखा है. उनकी फिटनेस से लेकर, एक्टिंग, स्टाइल और अदाएं हर चीज पर लोग मर मिटते हैं. वहीं, एक्ट्रेस भी लगातार फैंस के साथ अपने एक से एक हॉट लुक्स शेयर कर दिलों की धड़कनें बढ़ा देती हैं. अब फिर से उन्होंने बेहद हॉट अवतार दिखाया है.श्वेता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हो गई है. अब उन्होंने अपने नए लुक की झलक दिखाई है.

लेटेस्ट फोटोज में एक्ट्रेस रेड ट्यूब ब्लाउज और प्रिंटेड थाई हाई स्लिट स्कर्ट पहने हुए नजर आ रही हैं.अपने इस लुक को श्वेता ने सटल बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने अपने बालों को ओपन रखा हुआ है.श्वेता इस आउटफिट के साथ एक्सेसरीज के तौर पर गले में व्हाइट पर्ल वाला नेकपीस, दोनों हाथों में कंगन और कमरबंध के साथ कैरी किया है. इस लुक में श्वेता बेहद हॉट दिख रही हैं. उन्होंने अपनी अदाएं दिखाते हुए कैमरे के सामने किलर पोज दिए हैं. वहीं, फैंस की नजरें तो उन पर से हट ही नहीं पा रही हैं. दूसरी ओर एक्ट्रेस का कर्वी फिगर लोगों के होश उड़ा रहा है.


# सिंघम अगेन से दीपिका पादुकोण लुक हुआ आउट, धमाकेदार एक्शन करती दिखीं एक्ट्रेस



बॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण ने अपने फैंस को एक खास तोहफा दिया है. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपना सिंघम वाला लुक शेयर कर दिया है. जी हां, अजय देवगन, अक्षय कुमार और रणवीर सिंह के बाद दीपिका पुलिस बनकर लोगों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं.

एक्ट्रेस ने अपनी अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन से अपना कैरेक्टर फैंस के साथ शेयर किया है . बता दें कि फिल्म में उनके किरदार का नाम शक्ति शेट्टी होगा. वहीं दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो फोटोज पोस्ट की हैं. इन तस्वीरों में पुलिस की वर्दी पहने दिख रही है. फैंस को दीपिका का पुलिस अवतार खूब पसंद आ रहा है. लोग उनके इस लुक की खूब तारीफ कर रहे हैं.यह पहली बार नहीं हैं जब दीपिका रोहित शेट्टी की फिल्म में काम कर रही हों. इससे पहले वह चेन्नई एक्सप्रेस में शाहरुख खान के अपोजिट नजर आई थी. फिल्म का निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया था. बता दें कि दोनों आपस में बेहद स्ट्रॉन्ग बॉंड शेयर करते हैं.बात दीपिका पादुकोण के वर्कफ्रंट की करें तो दीपिका सिंघम के अलावा फाइटर में नजर आने वाली हैं.

# सलमान ने शुरू की आर्मी अफसर बनने की तैयारी, अपने लुक में करेंगे खास बदलाव



सलमान खान मौजूदा समय में अपनी फिल्म टाइगर 3 को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। फिल्म से अभिनेता का पोस्टर जारी हो चुका है और अब इसका ट्रेलर भी रिलीज होने वाला है।इसी बीच अब अभिनेता की नई फिल्म से जुड़ी जानकारी सामने आई है, जिसमें वह देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आएंगे। फिल्म में सलमान एक आर्मी अफसर की भूमिका निभाने वाले हैं, जिसके लिए वह अपने लुक पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, सलमान ने लंबे अरसे बाद ऐसी फिल्म चुनी है, जिसमें उन्हें अपने लुक को बदलना है। ऐसे में अभिनेता कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और अपने खाने–पीने का खास ध्यान रख रहे हैं।सूत्र के अनुसार, देशभक्ति से लबरेज इस फिल्म में सलमान का बदलाव वैसा ही होगा, जैसा 2016 में आई उनकी फिल्म सुल्तान में था।अभिनेता अपनी पिछली फिल्मों को मिली प्रतिक्रिया ध्यान में रखकर कुछ नया करने की कोशिश में लगे हैं।

सलमान की इस फिल्म के अलावा बॉलीवुड की कई सारी देशभक्ति से लबरेज फिल्में कतार में हैं। इनमें सबसे पहले कंगना रनौत की फिल्म तेजस 20 अक्टूबर को रिलीज होगी। इसके बाद सैम बहादुर, पिप्पा, ऐ वतन मेरे वतन सहित कई फिल्में आने वाली हैं।

सूत्र के मुताबिक, सलमान की इस फिल्म की कहानी 1988 में मालदीव के तख्तापलट के प्रयास पर आधारित होगी।सूत्र ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने व्यवसायी अब्दुल्ला लुथुफी के नेतृत्व में मालदीव के एक समूह द्वारा सरकार को हटाने के प्रयास को विफल कर दिया था। सलमान इसी ऑपरेशन का नेतृत्व करते दिखाई देंगे।इसके लिए सलमान ने फिल्म कुछ कुछ होता है के 25 साल बाद करण जौहर के साथ हाथ मिलाए हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com